राजस्थान सरकार

वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन
2009–2010

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग
उदयपुर

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	अध्याय	विषय	पृष्ठांक
1–	अध्याय–1	विभाग की स्थापना, उद्धेश्य, कार्यक्षेत्र एवं विभागीय प्रशासन	01 – 03
2–	अध्याय–2	विभागीय योजनाओं का विवरण	04 – 31
3–	अध्याय–3	विभाग से सम्बद्ध संस्थाओं / परियोजनाओं का प्रशासनिक प्रतिवेदन	32 – 47
4–	अध्याय–4	अन्य कार्यक्रमों की प्रगति	48 – 56

परिशिष्ठ–1 अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सूची	57
परिशिष्ठ–2 अनुसूचित क्षेत्र की तहसीलवार एवं जिलेवार जनसंख्या का विवरण	58
परिशिष्ठ–3 माड़ा खण्डों की जनसंख्या का विवरण	59 – 60
परिशिष्ठ–4 माड़ा कलस्टर क्षेत्र की जनसंख्या का विवरण	61
परिशिष्ठ–5 बिखरी जनजाति क्षेत्र की जनसंख्या का विवरण	62
परिशिष्ठ–6 सहरिया क्षेत्र की जनसंख्या का विवरण	63
परिशिष्ठ–7 अनुसूचित क्षेत्र में आरक्षण से संबंधित अधिसूचनायें	64
परिशिष्ठ–8 सहरिया क्षेत्र में आरक्षण संबंधित आदेश	65
परिशिष्ठ–9 सहरिया क्षेत्र में आरक्षण संबंधी आदेश	66
परिशिष्ठ–10 सहरिया क्षेत्र में आरक्षण संबंधी आदेश	67
परिशिष्ठ–11 सहरिया क्षेत्र में आरक्षण संबंधी आदेश	68
परिशिष्ठ–12 विभाग में सृजित एवं पदस्थापित अधिकारियों / कर्मचारियों का विवरण	69 – 70
परिशिष्ठ–13 विभाग द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में संचालित आश्रम छात्रावासों की सूची	71 – 75
परिशिष्ठ–14 विभाग द्वारा माडा क्षेत्र में संचालित आश्रम छात्रावासों की सूची	76
परिशिष्ठ–15 विभाग द्वारा बिखरी एवं सहरिया क्षेत्र में संचालित आश्रम छात्रावासों की सूची	77
परिशिष्ठ–16 आवासीय विद्यालयों की सूची	78
परिशिष्ठ–17 विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों में पदों का विवरण	79
परिशिष्ठ–18 विभाग द्वारा संचालित आवासीय विधालयों में पदों का विवरण	80

अध्याय : 1
विभाग की स्थापना, उद्धेश्य, कार्यक्षेत्र एवं विभागीय प्रशासन

विभाग की स्थापनाः
जनजाति विकास के लिये भारतीय संविधान में विशेष प्रावधान हैं। इसी संदर्भ में पांचवी पंचवर्षीय योजना में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1975 में जनजाति विकास विभाग की स्थापना की गयी।

विभाग के उद्धेश्य :
1. अनुसूचित क्षेत्र का सर्वागीण विकास
2. जनजातियों का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विकास
3. जनजाति विकास की विभिन्न योजनाओं का निर्माण, समन्वय, नियंत्रण एवं निर्देशन
4. जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्रशासन के स्तर को अन्य क्षेत्रों के समकक्ष लाना एवं जनजाति वर्ग के जीवन स्तर का उन्नयन।

कार्यक्षेत्र :— जनजाति विकास के लिये निम्नानुसार कार्यक्षेत्र का निर्धारण किया गया।

अ. अनुसूचित क्षेत्र :

राज्य के दक्षिण पूर्व में स्थित 5 जिलों की 27 पंचायत समितियों को मिलाकर अनुसूचित क्षेत्र निर्मित किया गया है जिसमें जनजातियों का सघन आवास है। 2001 की जनगणनानुसार इस क्षेत्र की जनसंख्या 45.14 लाख है जिसमें जनजाति जनसंख्या 30.93 लाख है, जो इस क्षेत्र की जनसंख्या का 68.52 प्रतिशत

हैं। अनुसूचित क्षेत्र में सम्मिलित 5 जिलों में बांसवाडा व डूंगरपुर सम्पूर्ण जिले, उदयपुर जिले की 7 पूर्ण तहसीलें, गिर्वा तहसील के 81 गांव एवं कोटडा तहसील से गोगुन्दा तहसील में स्थानान्तरित 52 ग्राम, प्रतापगढ जिले की अरनोद, प्रतापगढ, धरियावद एवं पीपलखूंट तहसीलें तथा सिरोही जिले की आबूरोड पंचायत समिति सम्मिलित है। इस क्षेत्र में आवासित जनजातियों में भील, मीणा, गरासिया व डामोर प्रमुख है। इस क्षेत्र में आवासित जनजातियों में भील, मीणा, गरासिया व डामोर प्रमुख है। इनका ब्यौरा **परिशिष्ठ–1** पर उपलब्ध हैं। तहसीलवार व जिलेवार जनसंख्या तथा क्षेत्र का विवरण **परिशिष्ठ–2** पर उपलब्ध हैं ।

अनुसूचित क्षेत्र में आरक्षण सम्बन्धित प्रावधान :–

भारत के संविधान के अनुच्छेद 244(1) के अधीन पंचम अनुसूची के पैरा 5 के उप पैरा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, राजस्थान ने निर्देश दिये है कि किसी भी अन्य प्रवृत्त आदेश या नियम या विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी,भारत सरकार की अधिसूचना संख्या–एफ 19 (2) 80–एल–1 दिनांक–12.2.81 द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्रों में राज्य सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी राजकीय सेवाओं के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की 45 प्रतिशत रिक्तियां अनुसूचित जनजातियों एवं 5 प्रतिशत अनुसूचित जातियों के स्थानीय सदस्यों के अभ्यर्थियो से भरी जायेगी । इन क्षेत्रों में शेष 50 प्रतिशत रिक्तियां सामान्य वर्ग से भरी जायेगी । इस क्रम में जारी की गई अधिसूचना दिनांक 12.9.07 की प्रति **परिशिष्ठ–7** पर उपलब्ध है।

ब. परावर्तित क्षेत्र विकास उपागमन (माडा) :

जनजाति उपयोजना क्षेत्र के अतिरिक्त जनजाति व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु जिले को एक इकाई मानते हुए प्रत्येक लघु खण्ड की कुल जनसंख्या 10,000 या इससे अधिक तथा उसमें निवास करने वाली जनजाति की जनसंख्या 50 प्रतिशत हो तथा गांव एक दूसरे से जुडे हुए हो व सीमा पर स्थित सभी ग्रामों में 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी हो के आधार पर माडा क्षेत्र बनाया गया है।

इस योजना के अंतर्गत 18 जिलों में 44 माडा लघु खण्डों का गठन किया है, जिसमें 3606 ग्राम सम्मिलित है। 2001 की जनगणनानुसार इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या 28.51 लाख है जिसमें जनजाति जनसंख्या 15.72 लाख है जो इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 55.15 प्रतिशत है। इस क्षेत्र में मीणा जनजाति का बाहुल्य है। जिलेवार माडा खण्डों की जनसंख्या का विवरण **परिशिष्ठ–3** पर उपलब्ध है।

स. माडा कलस्टर योजना क्षेत्र :

ऐसे कलस्टर जिनकी कुल जनसंख्या 5000 या इससे अधिक है तथा जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या जनजाति की है, में माडा कलस्टर योजना लागू की जाकर विकास कार्यक्रम क्रियान्वित किये जा रहे है। राज्य के 8 जिलों में 11 माडा कलस्टर्स स्वीकृत है जिसमें 161 ग्राम सम्मिलित है। जनगणना 2001 के अनुसार माडा कलस्टर क्षेत्र की जनसंख्या 1.05 लाख है जिसमें से जनजाति जनसंख्या 0.57 लाख है जो कलस्टर्स की कुल जनसंख्या का 54.72 प्रतिशत है। जिलेवार माडा कलस्टर्स का विवरण **परिशिष्ठ–4** पर उपलब्ध है।

द. बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र :

अनुसूचित क्षेत्र, माडा लघु खण्ड, माडा कलस्टर एवं सहरिया क्षेत्र के अतिरिक्त 22.92 लाख जनजाति के व्यक्ति 31 जिलों में बिखरे हुए हैं। जिलेवार जनसंख्या **परिशिष्ठ–5** पर उपलब्ध है।

य. सहरिया आदिम जाति क्षेत्र :

राज्य की एक मात्र आदिम जाति सहरिया है जो बांरा जिले की किशनगंज एवं शाहबाद तहसीलों में निवास करती है। उक्त दोनों ही तहसीलों के क्षेत्रों को सहरिया क्षेत्र में सम्मिलित किया जाकर सहरिया वर्ग के विकास के लिये सहरिया विकास समिति का गठन किया गया है। सहरिया आदिम जाति की जनसंख्या का विवरण माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर द्वारा वर्ष 2002 में किये गये सर्वे रिपोर्ट से लिया गया हैं। सहरिया आदिम जाति क्षेत्र का पंचायत समितिवार विवरण **परिशिष्ठ–6** पर उपलब्ध है।

सहरिया आदिम जाति के लिये विशेष प्रावधान

(1) सहरिया आदिम जनजाति समूह के लिए विशेष प्रावधान स्वरूप आदेश दिनांक 12.9.07 द्वारा बांरा जिले के शाहबाद एवं किशनगंज तहसीलों में राज्य सेवाओं को छोडकर अन्य सभी राजकीय सेवाओं में सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की 25 प्रतिशत रिक्तियॉ स्थानीय सहरिया आदिम जाति के अभ्यार्थियों से भरी जायेगी और अनुसूचित जनजातियों के लिए 6 प्रतिशत और अनुसूचित जाति के अभ्यार्थियों के लिए 8 प्रतिशत एवं अन्य पिछडी जातियों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की कानूनी अपेक्षाओं के अध्यधीन रहेगी। शेष 51 प्रतिशत सामान्य वर्ग के अभ्यार्थियों से भरी जावेगी। आदेश **परिशिष्ठ–8** पर उपलब्ध हैं ।

(2) राज्य सरकार के आदेश कमांक एफ.5(4)(1)सहरिया/टीएडी/2002 दिनांक 25.11.04 द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राजस्थान राज्य के अनुसूचित क्षेत्र (जनजाति उपयोजना क्षेत्र) में निवासित अनुसूचित जनजातियों को राज्य सरकार के द्वारा प्रदत्त सभी आधारभूत सुविधाओं के मापदण्ड राज्य के बारां जिले की शाहबाद एवं किशनगंज तहसील के सहरिया क्षेत्र में भी तुरन्त प्रभाव से लागू होगें। आदेश **परिशिष्ठ–9** पर उपलब्ध हैं ।

(3) राज्य सरकार के आदेश कमांकः एफ.5(4)(1)सहरिया/टीएडी/2002/ दिनांकः 30.9.05 एवं दिनांकः 25.10.05 द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राजस्थान में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों (बीपीएल परिवार) को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त समस्त सुविधाओं को कथौडी जनजाति तथा बारां जिले की शाहबाद एवं किशनगंज तहसील में निवास करने वाले सहरिया व भील परिवारों के व्यक्तियों को भी उपलब्ध करवायी जावेगीं। आदेश **परिशिष्ठ–10–11** पर उपलब्ध हैं।

प्रशासकीय संगठन एवं विभागीय ढांचा :–

जनजाति कल्याण एवं विकास विभाग के प्रभारी मंत्री जनजाति विकास मंत्री है। अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद का गठन आदेश कमांक प.6(32)प्र.सु./अनु–3/91 जयपुर दिनांक 4.3.05 से किया गया है। इस परिषद के गठन का उद्धेश्य जनजाति विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा करना तथा नई योजनाओं के लिए परामर्श देना है।

विभागीय प्रशासन :–

कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिये एक प्रशासनिक संगठन आवश्यक है इसके लिये विभिन्न स्तरों पर जनजाति क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत राज्य स्तर पर प्रशासनिक नियंत्रण प्रमुख शासन सचिव / शासन सचिव, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जयपुर के अधीन है। वे जनजाति विकास कार्यक्रमों का समन्वय,समीक्षा एवं प्रबोधन करते है तथा नीतिगत मामलों में निर्णायक की भूमिका का निर्वाह करते है। उनकी सहायता के लिये सचिवालय स्तर पर उपशासन सचिव एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत है।

जनजाति विकास की योजनाओं के निर्माण, क्रियान्वयन एवं प्रबोधन के लिये जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग का कार्यालय उदयपुर में स्थित हैं। इसके विभागाध्यक्ष आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग है। इनकी सहायता के लिये 2 अतिरिक्त आयुक्त तथा विषय विशेषज्ञों तथा अन्य कर्मचारियों के पद सृजित हैं। वर्तमान में विभाग में सृजित एवं पदस्थापित अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण **परिशिष्ठ–12** पर उपलब्ध हैं ।

अध्याय – 2

विभागीय योजनाओं का विवरण

विभाग द्वारा सामुदायिक तथा व्यक्तिगत लाभ की अनेक योजनाऐं क्रियान्वित की जा रही हैं जिनका मूल उद्देश्य जनजाति परिवारों का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक उन्नयन है। वर्ष 2008–09 में इन योजनाओं हेतु कुल 165.74 करोड रूपये का बजट आबंटन रखा गया जिसके विरूद्व माह मार्च,09 तक 141.09 करोड रूपये व्यय किये गये। वर्ष 2009–10 में इन योजनाओं हेतु कुल 183.26 करोड रूपये का बजट प्रावधान रखा गया जिसके विरूद्व माह दिसम्बर,09 तक 77.38 करोड रूपये व्यय किये गये। मदवार एवं क्षेत्रवार प्रावधान एवं व्यय की सूचना निम्नांकित हैः–

(राशि लाख रूपये में)

क्र. सं.	क्षेत्र	वर्ष 2008–09		वर्ष 2009–10	
		बजट आवंटन	व्यय	बजट अनुमान	व्यय दिसम्बर,09
क	**राज्य योजना**				
1.	**महाराष्ट्र पेटर्न**				
अ.	अनुसूचित क्षेत्र	5454ʊ78	5757ʊ84	6113ʊ23	3258ʊ01
ब.	माडा क्षेत्र	844ʊ55	761ʊ54	988ʊ82	350ʊ00
स.	माडा कलस्टर क्षेत्र	12ʊ44	4ʊ22	12ʊ44	1ʊ19
द.	बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र	473ʊ29	465ʊ63	318ʊ62	108ʊ93
य.	सहरिया क्षेत्र	603ʊ36	415ʊ57	571ʊ20	346ʊ94
	महाराष्ट्र पेटर्न योग :	**7388ʊ42**	**7404ʊ80**	**8004ʊ31**	**4065ʊ07**
2.	**टीआरआई संचालन**		11ʊ89	33ʊ00	3ʊ23
3.	**विशेष केन्द्रीय सहायता**				
अ.	अनुसूचित क्षेत्र	2024ʊ31	1848ʊ22	2145ʊ00	612ʊ07
ब.	माडा क्षेत्र	1217ʊ47	867ʊ26	1160ʊ00	518ʊ27
स.	माडा कलस्टर क्षेत्र	41ʊ99	14ʊ99	42ʊ00	14ʊ85
द.	बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र	1616ʊ60	948ʊ04	1642ʊ34	515ʊ87
य.	सहरिया विकास परियोजना क्षेत्र	109ʊ66	57ʊ85	109ʊ66	22ʊ69
	योग : विशेष केन्द्रीय सहायता	**5010ʊ03**	**3736ʊ36**	**5099ʊ00**	**1683ʊ75**
4.	**संविधान की धारा 275(1)**				
अ.	अनुसूचित क्षेत्र	2294ʊ83	2406ʊ50		1421ʊ67
ब.	माडा क्षेत्र	708ʊ86	320ʊ57	3315ʊ00	166ʊ89
स.	सहरिया क्षेत्र		122ʊ72		63ʊ45
	योगः धारा 275(1)	**3003ʊ69**	**2849ʊ79**	**3315ʊ00**	**1652ʊ01**
	राज्य योजना योग :	**15402ʊ14**	**14002ʊ84**	**16451ʊ31**	**7404ʊ06**
ख	**केन्द्र प्रवर्तित योजना**				
अ.	टीआरआई की योजनाऐं		11ʊ90	33ʊ00	3ʊ23
ब.	अन्य योजनाऐं –	1171ʊ49	93ʊ90	1842ʊ20	330ʊ33
	केन्द्रीय प्रवर्तित योजना योग :	**1171ʊ49**	**105ʊ80**	**1875ʊ20**	**333ʊ56**
	महायोग	**16573ʊ63**	**14108ʊ64**	**18326ʊ51**	**7737ʊ62**

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार हैं:–

अ. अनुसूचित क्षेत्र

1. **विशेष केन्द्रीय सहायता :**

(i) कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाऐं

कृषि विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों के तहत समन्वित कृषि विकास कार्यक्रम में वर्ष 2008–09 की बचत राशि 158.80 लाख रूपये व्यय कर 1000 परिवारों को फसल प्रदर्शन कार्यक्रम, कृषि उपकरण वितरण तथा पीवीसी पाईप वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत लाभान्वित किया गया। वर्ष 2009–10 में कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम के तहत दिसम्बर,09 तक 24.88 लाख रूपये व्यय कर 1776 परिवारों को लाभान्वित किया गया।

(ii) बैफ के माध्यम से उद्यान विकास

जनजाति कृषकों का आर्थिक स्तर उंचा उठाने की दृष्टि से उनके खेतों पर फलदार बगीचे एवं चारों तरफ वानिकी पौधे लगाकर आय में वृद्वि करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य हैं। वर्ष 2009–10 में 44.58 लाख का आवंटन किया गया जिसके विपरीत माह दिसम्बर,09 तक 8.96 लाख रूपये व्यय कर 5757 काश्तकारों की वाड़ियो का रखरखाव कर लाभान्वित किया जा रहा हैं।

(iii) सेरीकल्चर

क्षेत्र के जनजाति कृषकों को निरन्तर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेरीकल्चर कार्यक्रम उदयपुर जिले में चलाया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम से परम्परागत फसलों की तुलना में कृषक तीन गुना अधिक आमदनी प्राप्त कर रहा हैं। रेशम उत्पादन से जुडी गतिविधियों जैसे रेशम कीटपालन, रेशम धागाकरण, शहतूत पौधरोपण, शहतूत नर्सरी उत्पादन, बांस उपकरण निर्माण आदि में जनजाति कृषक अपने श्रम का योगदान देकर निरन्तर लाभ अर्जित कर रहे है। सेरीकल्चर कार्यक्रम के अन्तर्गत जनजाति कृषकों को एक बार शहतूत यूनिट लगाने पर 1,000/– रूपये अनुदान तथा रेशम कीट पालन हेतु बांस उपकरण के लिये 2000/– रूपये का अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2009–10 में राशि रूपये 10.40 लाख के प्रावधान के विपरीत दिसम्बर,09 तक रूपये 8.26 लाख व्यय हुए एवं 300 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया ।

(iv) मशरूम कार्यक्रम

क्षेत्र के जनजाति कृषकों को पोष्टिक आहार उपलब्ध करवाने तथा आर्थिक उत्थान हेतु मशरूम कार्यक्रम उदयपुर जिले में संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ढिंगरी तथा बटन

दो प्रकार की मशरूम की खेती करवाई जा रही है। विभाग द्वारा कृषकों को ढिंगरी मशरूम उत्पादन हेतु 2500/– रूपये का तथा बटन मशरूम उत्पादन हेतु 5000/– रूपये का अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस हेतु वर्ष 2009–10 में 16.20 लाख रूपये का प्रावधान किया गया, जिसके विरूद्व दिसम्बर,09 तक 16.20 लाख रूपये व्यय हुए तथा 250 कृषक लाभान्वित हुए।

(v) बैफ के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का संचालन

जनजाति कृषकों के पास उपलब्ध पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता बढाने, अच्छी नस्ल की उत्पति हेतु उदयपुर, बांसवाडा एवं प्रतापगढ जिले में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का संचालन कर जनजाति व्यक्तियों के पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान करना इस योजना का उद्देश्य है। वर्ष 2009–10 में 13.58 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया तथा माह दिसम्बर,09 तक 8.70 लाख रूपये व्यय कर 904 परिवारों को लाभान्वित किया गया।

(vi) विस्फोटन द्वारा कृषि कूप गहरा कराना

अल्पवृष्टि एवं भू–जल स्तर के नीचे जाने से कुओं का जल स्तर कम हो गया है, ऐसे कुओं को गहरा कराने के लिए निर्धन जनजाति कृषक को विभाग से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कूप में कठोर चट्टाने पाई जाती है अतः इनका खनन का कार्य मात्र विस्फोटन से ही संभव हैं। कार्य की कुल इकाई लागत रूपये 8240 हैं जिसमें विस्फोटन की लागत रूपये 45.00 प्रति विस्फोट की दर से 72 विस्फोटन हेतु रूपये 3240.00 की आर्थिक सहायता विभाग द्वारा दी जाती है तथा शेष श्रम भाग का वहन कृषक स्वयं करता है। अधिक गहराई तक खनन की आवश्यकता होने पर 144 विस्फोट तक की स्वीकृति दी जा सकती हैं। वर्ष 2009–10 मे राशि 25.00 लाख रूपये के विरूद्व माह दिसम्बर,09 तक 34.06 लाख रूपये का व्यय हुआ एवं 417 कुए गहरा करने के लक्ष्यों के विपरीत 637 कुए गहरे किये गये।

(vii) डीजल /विद्युत पम्पसेट का वितरण

कृषकों द्वारा उनकी कृषि भूमि के आसपास उपलब्ध सतही जल व कृषि कूप में उपलब्ध जल के उपयोगार्थ डीजल / विद्युत पम्पसेट जलोत्थान के साधन के रूप में उपयोग किया जाता हैं। योजना की लागत लगभग 20,000 रूपये है जिस पर 10,000 रूपये का अनुदान इस विभाग द्वारा देय होता है। शेष राशि की व्यवस्था कृषक स्वयं या अन्य वित्तीय संस्थाओं से बतौर ऋण प्राप्त करके करता है। वर्ष 2009–10 में राशि रूपये 50.00 लाख के विरूद्व माह दिसम्बर,09 तक राशि रूपये 38.86 लाख का व्यय कर 250 डीजल /विद्युत पम्पसेट के लक्ष्यों के विपरीत 200 लक्ष्यों की प्राप्ति की गई।

(viii) **एनिकट/ वाटरशेड निर्माण**

अनुसूचित क्षेत्र में अवस्थित नदी नाले अत्यधिक ढलाव वाले होने से एक ओर तो वर्षा का जल तीव्र गति से बहकर व्यर्थ चला जाता है दूसरी ओर जनजाति कृषकों की नालों के समीप अवस्थित भूमि का कटाव होता हैं। अतः उक्त क्षति को रोकने के उद्देश्य से एनिकट/ वाटरशेड निर्माण की योजना चलाई जा रही हैं जिससे जल बहाव की गति पर नियंत्रण किया जाता है व जल का सतही भण्डारण किया जाता हैं। भण्डारित जल से भू–जल पुनर्भरण होता है व आसपास के कुओं का जलस्तर बढता हैं। साथ ही एनिकट में उपलब्ध सतही जल का कृषक जलोत्थान योजना के माध्यम से लाभ लेते हैं। इस योजना का क्रियान्वयन सिंचाई विभाग, स्वच्छ परियोजना, भू–संरक्षण विभाग, पंचायत समिति, जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों के माध्यम से किया जा रहा हैं। वर्ष 2009–10 में 28 एनीकट के निर्माण के लक्ष्य हेतु 997.40 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है दिसम्बर,09 तक रूपये 346.03 लाख व्यय कर 40 एनीकट कार्य पूर्ण किये गये जिनमें पूर्व वर्ष के स्वीकृत एनीकट भी सम्मिलित है।

(ix) **सामुदायिक जलोत्थान योजना**

नदी नालों एवं बांधों के बेक वाटर में उपलब्ध पानी को सिंचाई हेतु उपयोग करने के लिये विद्युत मोटर द्वारा पानी को उंचा उठाकर सिंचाई क्षेत्रफल में वृद्धि किये जाने हेतु वर्ष 2009–10 में 19 लिफ्ट योजनाओं के लिये 300.00 लाख रूपये का प्रावधान किया गया। गत वर्ष के स्वीकृत कार्यो पर दिसम्बर,09 तक 66.91 लाख रूपये व्यय किये गये तथा लिफ्ट सिंचाई योजनाएँ प्रगति पर है।

(x) **स्वरोजगार**

जनजाति व्यक्तियों को कृषि एवं वन आधारित उद्योग व्यापार व्यवसाय सेवा उद्योग कृषि कार्य आदि में स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से वर्ष 2009–10 में 154.50 लाख रूपये का प्रावधान किया गया। 1500 जनजाति व्यक्तियों को अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा।

2. महाराष्ट् पेटर्न अन्तर्गत सचांलित योजनाऐ :

(i) **आश्रम छात्रावास संचालन**

योजनान्तर्गत ऐसे जनजाति विद्यार्थियों जिनके आसपास उस स्तर का विद्यालय नहीं है को आश्रम छात्रावास में प्रवेश दिया जाकर निःशुल्क आवास भोजन आदि की सुविधाए प्रदान की जाती है। प्रति विद्यार्थी 1000/– रूपये प्रतिमाह भोजन इत्यादि हेतु व्यय किये जाने का प्रावधान है। वर्ष

2009–10 में 1517.06 लाख रूपये के आवंटन के विरूद्ध माह दिसम्बर,09 तक 1201.76 लाख रूपये व्यय हुए तथा 171 छात्रावासों में 10873 विद्यार्थियों को प्रवेश देकर लाभान्वित किया गया।

(ii) छात्रगृह किराया योजना

इस योजनान्तर्गत जनजाति के ऐसे छात्र/ छात्राऐं जो महाविद्यालय की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में पढते है तथा उन्हें छात्रावास में स्थानाभाव के कारण आवासीय सुविधा नहीं मिल पाती हैं और वे किराये के मकान में रहकर नियमित अध्ययन करते है उन्हे 150 रूपये प्रतिमाह की दर से अधिकतम 10 माह हेतु मकान किराये का पुनर्भरण किया जाता है। इसमें एक छात्र या दो छात्रों के एक ग्रुप को भी यह सुविधा दी जाती हैं। वर्ष 2009–10 में 7700 विद्यार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु 115.50 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,09 तक 72.51 लाख रूपये का पुनर्भरण किया जाकर 6925 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

(iii) प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन योजना

इस योजनान्तर्गत जनजाति के छात्र/छात्राओं ने जिन्होंने बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है उन्हें बोर्ड की अगली परीक्षा तक अध्ययन करने पर 250 रूपये प्रतिमाह की दर से 10 माह के लिए अधिकतम रूपये 2500/– की प्रोत्साहन राशि दी जाती हैं। वर्ष 2009–10 में माह दिसम्बर,09 तक 26.44 लाख व्यय कर 958 छात्र/ छात्राओं को लाभान्वित किया गया ।

(iv) छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता

जनजाति की महिलाओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्‌देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई। योजना का लाभ उन छात्राओं को प्राप्त होता है जो अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी हों और कालेज में अध्ययनरत हों। इस योजनानुसार प्रत्येक छात्रा को 350 रूपये प्रति माह की दर से 10 माह तक आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2009–10 में दिसम्बर,09 तक रूपये 120.55 लाख व्यय करके 2834 छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

(v) एकलव्य खेल छात्रावास का संचालन

जनजाति के छात्रों को खेलकूद हेतु प्रोत्साहित करने तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने के उद्‌देश्य से तीन खेल छात्रावास बांसवाडा, खेरवाडा एवं उदयपुर में संचालित हैं। इन छात्रावासां में दक्ष विशेषज्ञों द्वारा तीरन्दाजी एवं ऐथेलेटिक्स का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता हैं। इसमें कक्षा 6 से 12 वीं तक के खिलाडी बालकों को प्रवेश दिया जाता है तथा इसमें आयु सीमा का कोई प्रतिबन्ध नहीं है। वर्ष 2009–10 में माह दिसम्बर,09 तक

35.46 लाख रूपये व्यय किये गए है। वर्तमान में इन छात्रावासों में 200 छात्र अध्ययनरत एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

(vi) जनजाति बालिकाओं को साईकिल एवं स्कूटी वितरण

कक्षा 10 से 12 तक अध्ययनरत बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप शिक्षा विभाग द्वारा बालिकाओं से 300 रूपये की हिस्सा राशि लेकर साईकिल वितरण का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है ताकि बालिकाए शिक्षा की ओर आकृष्ट हो सकें। जनजाति बालिकाओं के हिस्सा की राशि रूपये 300 का भुगतान इस विभाग द्वारा किया जाता है। वर्ष 2009–10 निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम में 4986 जनजाति बालिकाओं को विभाग की हिस्सा राशि प्रदान की गई। बोर्ड परीक्षा में 65 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाली जनजाति बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप माह दिसम्बर,09 तक 158 निःशुल्क स्कूटी वितरित की गई है।

(vii) क्षय रोग नियंत्रण

सामान्यतया जनजाति आबादी दूरदराज के क्षेत्र में निवास करती है तथा स्वास्थ्य सुविधाए आसपास उपलब्ध नहीं होती है। जनजाति व्यक्तियों में क्षय रोग का प्रकोप अधिक रहता है तथा निदान हेतु नियमित उपचार अनिवार्य होता है किन्तु जनजाति व्यक्ति के लिए कार्य दशाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की दूरी के कारण नियमित उपचार लिया जाना संभव नहीं हो पाता है। अतः इस समस्या के निदान हेतु स्वच्छ परियोजना के माध्यम से क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा क्षय रोगीयों की पहचान कर उन्हें नियमित उपचार उपलब्ध कराया जाता है तथा पोष्टिक सत्तु दिया जाता है। योजनान्तर्गत वर्ष 2009–10 में 2547 रोगियों के उपचार हेतु 112.00 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,09 तक 48. 13 लाख रूपये व्यय किये गये।

(viii) सूक्ष्म पोषक तत्व वितरण

जनजाति विद्यार्थियों में पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति के लिए चिकित्सा विभाग के माध्यम से शुक्ष्म पोषक तत्वों का वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है। वर्ष 2009–10 में 100.00 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है।

(ix) ए.एन.एम. के वेतन भत्ते

अनुसूचित क्षेत्र के चिकित्सा उप केन्द्रो पर एक अतिरिक्त ए.एन.एम. की सेवा उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से चिकित्सा विभाग में कार्यरत 1119 ए.एन.एम. के वेतन भत्तों का भुगतान

विभागीय बजट से किया जा रहा है। योजनान्तर्गत माह दिसम्बर,09 तक 259.26 लाख रूपये का भुगतान किया जा गया।

(x) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

जनजाति के युवकों को रोजगारोन्मुख व्यवसायों का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार चलाने अथवा तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के लिए तैयार करने के लिए तकनीकी शिक्षा निदेशालय के माध्यम से 14 से 30 वर्ष की आयु के युवकों को इंजीनियरिंग एवं गैर इंजीनियरिंग में एक एवं दो वर्षीय प्रशिक्षण वेल्डर, प्लम्बर, डीजल मैकेनिक, हिन्दी एवं अंग्रेजी स्टेनो, फिटर, वायरमैन, इलेक्ट्रोनिक्स एवं रेडियो टीवी आदि व्यवसायों में प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार प्रारंभ करने योग्य बनाया जाता हैं। प्रशिक्षणरत छात्रों को 150 रूपये प्रतिमाह छात्रवृति प्रदान की जाती हैं। उत्तीर्ण होने पर राष्ट्रीय/ राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। वर्ष 2009–10 में 637 छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया एवं दिसम्बर,09 तक 10.92 लाख रूपये व्यय किये गये।

(xi) फूड काफ्ट प्रशिक्षण

होटल व्यवसाय में प्रशिक्षण के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से संचालित फूड काफ्ट संस्थान के 4 व्यवसायों में जनजाति युवक युवतियों के लिए 40 अभ्यार्थियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की हैं। प्रशिक्षणरत छात्र छात्राओं को 500 रूपये छात्रवृति, फीस पुनर्भरण एवं पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। उत्तीर्ण होने पर नेशनल कौसिंल होटल मेनेजमेन्ट, नोयडा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता हैं जो कि रोजगार प्राप्ति के लिए मान्यता प्राप्त हैं। वर्ष 2009–10 में माह दिसम्बर,09 तक रूपये 3.06 लाख व्यय कर 29 छात्रो को लाभान्वित किया गया।

संविधान की धारा 275(1)

संविधान की धारा 275(1) के अन्तर्गत अनुसूचित क्षेत्र हेतु वर्ष 2009–10 में माह दिसम्बर, 09 तक 1421.67 लाख रूपये व्यय कर निम्नाकिंत उपलब्धिया अर्जित की गई।

- 74 सामुदायिक भवन निर्मित किये गये।
- 6 पम्प एण्ड टेंक योजना पूर्ण की गई।
- 13 विद्यालयों में अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया गया।
- 20 एनिकट निर्मित किये गये।
- 1 सामुदायिक जलोत्थान सिंचाई योजनाऐं निर्मित की गई।
- 29 सड़क निर्मित की गई ।
- 633 कृषि कुओं के विद्युतिकरण हेतु अनुदान प्रदान किया गया।
- 5 आवासीय विद्यालयों का संचालन एवं संस्थापन किया गया।

एकीकृत जनजाति विकास कार्यक्रम

जनजाति उपयोजना क्षेत्र में जनजाति व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न विभागों द्वारा सामुदायिक एवं व्यक्तिगत लाभ की अनेक योजनाऐं क्रियान्वित की जा रही है तथा सभी विभागों को अपने बजट में से जनजातियों के विकास हेतु प्रवाह के तहत 12.56 प्रतिशत राशि का प्रावधान रखा जाता है। वर्ष 2009—10 में राज्य योजना में 2134.36 करोड रूपये के प्रावधान के विपरित माह दिसम्बर, 09 तक 379.60 करोड रूपये व्यय किये गये। केन्द्र प्रवर्तित योजना में 835.53 करोड रूपये के प्रावधान के विपरीत 21.52 करोड रूपये व्यय किये गये।

विभिन्न मदों में आवंटन एवं व्यय (अन्तरिम) की स्थिति निम्न तालिका में प्रस्तुत हैः—

(राशि लाखों में)

क्र. सं.	मद	आवंटन व्यय	राज्य योजना	केन्द्र प्रवर्तित योजना	योग
1	कृषि एवं संबद्व सेवाऐं	आवंटन	10516ण76	3791ण24	14308ण00
		व्यय	476ण58	262ण09	738ण67
2	ग्रामीण विकास	आवंटन	27649ण33	70406ण75	98056ण08
		व्यय	7590ण44	936ण60	8527ण04
3	विशेष क्षेत्रीय परियोजना	आवंटन	1159ण55		1159ण55
		व्यय	88ण84		88ण84
4	सिंचाई	आवंटन	9344ण30		9344ण30
		व्यय	333ण96		333ण96
5	विद्युत	आवंटन	92950ण59		92950ण59
		व्यय	6316ण65		6316ण65
6	उद्योग एवं खनिज	आवंटन	1197ण21	0ण02	1197ण23
		व्यय	231ण21		231ण21
7	परिवहन एवं संचार	आवंटन	7406ण64		7406ण64
		व्यय	3872ण34		3872ण34
8	वैज्ञानिक सेवाऐं एवं अनुसंधान	आवंटन	4ण20		4ण20
		व्यय			
9	सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाऐ	आवंटन	63197ण66	9345ण91	72543ण57
		व्यय	19037ण62	943ण99	19981ण61
10	आर्थिक सेवाऐं	आवंटन	9ण30	9ण30	18ण60
		व्यय	12ण61	9ण61	22ण22
	योग :	आवंटन	213435ण54	83553ण22	296988ण76
		व्यय	37960ण25	2152ण29	40112ण54

प्रमुख कार्यक्रमों की भौतिक प्रगति निम्नवत हैं :–

- कृषि विकास के तहत 32978 क्विटंल उन्नत बीज वितरण किया गया।
- 21795 मेट्रिक टन रसायनिक खाद का वितरण किया गया।
- 224 व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार के कृषि प्रदर्शन कार्यक्रम से लाभान्वित किया गया।
- 8516 कृषकों को कृषि उपकरण वितरित किये गये।
- 336 कृषकों को पौध संरक्षण उपकरण वितरित किये गये।
- पशुओं के नस्ल सुधार हेतु 9723 नस्ल सुधार केम्प आयोजित किये गये एवं 3.33 लाख पशुओं का गर्भाधान कराया गया।
- ग्रामीण विकास के तहत 2673 परिवारों को इन्दिरा आवास योजना में लाभान्वित किया गया।
- लघु सिंचाई योजनाओं से 283 हेक्टर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई।
- यातायात सुविधा हेतु राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा 31 नई बस क्रय की गई।
- 161 मकान शहरी क्षेत्र में निर्मित किये गये।
- 2158 छात्रों को पूर्व मेट्रिक छात्रवृति वितरित की गई।
- पोषाहार के तहत 4.71 लाख बच्चों को पोषाहार वितरित किया जा रहा है।

अनुसूचित जनजाति ओर अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियम, 2008 का प्रभावी कियान्वयन पर विस्तृत नोट

राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से 32,550 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र है जो कि 9.51 प्रतिशत है। राजस्थान राज्य में वन क्षेत्र मुख्यतः दक्षिणी राजस्थान में विद्यमान है। इसके अन्तर्गत उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सिरोही, चित्तौड़गढ़ व बारां जिले आते हैं। इसके अतिरिक्त अलवर तथा सवाई माधोपुर में भी पर्याप्त वन क्षेत्र हैं। उक्त 9 जिलों के 60,06,221 हैक्टर कुल भू–भाग में से 15,78,101 हैक्टर पर वन अवस्थित है जो कि लगभग 26.3 प्रतिशत है।

वन क्षेत्र में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परम्परागत वन निवासियों के जो ऐसे वनों में पीढियों से निवास कर रहे हैं किन्तु उनके अधिकारों को अभिलिखित नहीं किया जा सका है, वन अधिकारों और वन भूमि में अधिभाग को मान्यता देने और निहित करने, वन भूमि में इस प्रकार निहित अधिकारों को अभिलिखित करने के लिए अधिनियम 31 दिसम्बर,2007 से प्रभाव में आया।

अनुसूचित क्षेत्र बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, प्रतापगढ एवं सिरोही जिले के सभी 4718 राजस्व ग्रामो में ग्राम सभाएं आयोजित हो चुकी है एवं वन अधिकार समितियां भी गठित कर दी गई हैं। उपखण्ड स्तरीय एवं जिला स्तरीय वन अधिकार समितियों में पंचायत समिति एवं जिला परिषद के 3–3 सदस्यों का मनोनयन भी कर लिया गया हैं। उपखण्ड स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण भी आयोजित हो चुके हैं।

गैर अनुसूचित क्षेत्र के 8211 ग्राम पंचायतों में से 6526 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा चुका हैं, 6200 ग्राम पंचायतों में वन अधिकार समितियों का गठन किया गया हैं। 24 जिलो में उपखण्ड स्तरीय समिति में 3–3 पंचायत समिति के सदस्यों तथा 27 जिलों में जिला स्तरीय समिति में 3–3 जिला परिषद सदस्यों का मनोनयन किया गया हैं। इसी तरह 26 जिले में उपखण्ड स्तरीय एवं 27 जिलो में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किये गये हैं।

कुल 59900 दावें ग्राम सभाओं में प्रस्तुत किये गये हैं। निर्धारित प्रक्रीया अनुसार निस्तारण में विभिन्न स्तर पर कुल 30029 दावें निरस्त किये गये। जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम निस्तारण करते हुए 28719 दावें स्वीकार किये गये एवं 1152 दावें लम्बित हैं। स्वीकृत दावों में से दिनॉक 31.12.09 तक 14171 दावों के हक पत्र वितरित किये गये है ।

पीसा एक्ट की कियान्विति

1. राजस्थान सरकार राजस्व (ग्रुप–6) विभाग ने अपनी अधिसूचना कमांक एफ.10 (5)राजस्व –6 / 2000 / 12 दिनांक 17.4.2002 द्वारा अधिसूचना जारी कर राजस्थान टिनेन्सी एक्ट 1955 की धारा 183 (बी) के अन्तर्गत तहसीलदार की शक्तियॉ अनुसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों की भूमि पर अतिकमण के मामलो में कार्यवाही करने की शक्तियां पंचायत समिति को दे दी गई है।
2. राजस्थान सरकार राजस्व (ग्रुप–6) विभाग में अपनी अधिसूचना कमांक एफ.13(1) राजस्व–6 / 2000 / 13 दिनांक 17.4.2002 द्वारा राजस्थान मनीलेण्डर्स एक्ट 1963 के तहत पूर्व में जारी अधिसूचनाओं में आंशिक संशोधन करते हुए राजस्थान मनीलेण्डर्स एक्ट 1963 के अन्तर्गत आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग को रजिस्ट्रार जनरल, पंचायत समिति को रजिस्ट्रार एवं ग्राम पंचायत को सहायक रजिस्ट्रार अनुसूचित क्षेत्र के लिये नियुक्त किया।
3. राजस्थान सरकार खान (ग्रुप–1) विभाग ने अपनी अधिसूचना दिनांक 12.4.2002 द्वारा खान एवं खनिज (विकास और विनियवन) अधिनियम 1957 की धारा–15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुऐ राजस्थान गौण खनिज रियायत नियम 1986 को ओर संशोधित किया एवं राजस्थान गौण खनिज रियायत नियम 2002 जारी किये। इस संशोधन द्वारा नियम–4 के उप नियम 7 के पश्चात् निम्न उप नियम–8 जोड़ा गया।

(8) किसी गौण खनिज के संबंध में कोई भी पूर्वेक्षण अनुप्राप्ति खनन प*ट्टा* या कोई अन्य खनिज रियायत अनुसूचित क्षेत्रों में राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के संबंध में उपान्तरण) अधिनियम 1999 (1999 का अधिनियम संख्या–16) के अधीन के प्रयोजन के लिये बने नियमों में यथा–चिन्हित समुचित स्तर पर की पंचायत राज संस्थाओं की पूर्व सिफारिश अभिप्राप्त किये बिना मंजूर नहीं की जायेगी।

ब. परावर्तित क्षेत्र विकास उपागमन (माडा) कार्यक्रम

माडा लघुखण्डों में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक विकास के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के संचालन से माडा क्षेत्र में निवास कर रहे जनजाति परिवारों के आर्थिक स्तर को उसी क्षेत्र में निवास करने वाले गैर जनजाति परिवारों के समकक्ष लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आदिवासियों के विकास के लिए अपनाई गयी रणनीति में व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं।

महाराष्ट्र पैटर्न अंतर्गत भौतिक एवं वित्तीय प्रगति 2009–10

अ. **माडा क्षेत्र :**

महाराष्ट्र पेटर्न के अन्तर्गत वर्ष 2009–10 में माडा क्षेत्र हेतु 988.82 लाख रूपये के आवन्टन के विरूद्ध दिसम्बर 09 तक 350.00 लाख रूपये व्यय किये गये है । विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत व्यय एवं भौतिक लक्ष्यों की उपलब्धि निम्न प्रकार रही है।

आश्रम छात्रावास संचालन– वर्ष 2009–10 में माह दिसम्बर 09 तक 154.96 लाख रूपये व्यय कर 2775 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। सूची **परिशिष्ठ 14** पर उपलब्ध है।

शिक्षा प्रोत्साहन– जनजाति के अधिक से अधिक बालक बालिकाओं को शिक्षा की ओर प्रवृत किये जाने हेतु माडा योजना में छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रोत्साहन एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के कार्यक्रम कियान्वित किये जा रहे हैं। 2009–10 में इन योजनाओं में माह दिसम्बर 09 तक 18.61 लाख रूपये व्यय किया जाकर 531 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

पेयजल कार्यक्रम– पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2009–10 में माह दिसम्बर 09 तक 6.69 लाख रूपये व्यय कर 12 हैण्डपम्प स्थापित किये गये हैं।

खेल छात्रावास– महाराष्ट्र पेटर्न अन्तर्गत वर्ष 09–10 में 1 खेल छात्रावास हेतु दिसम्बर 09 तक 3.67 लाख रू व्यय कर 50 छात्रों को लाभान्वित किया गया है।

आवासीय विधालय : माडा क्षेत्र में तीन आवासीय विधालय संचालित है जिसकी प्रवेश क्षमता वर्ष 2009–10 में 700 छात्र/छात्राओं की है। जिसके विरूद्ध 650 छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया गया है। सूची परिशिष्ठ स पर संलग्न है।

माडा क्षेत्र की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति वर्ष 2009–10 माह दिस. 09 (राशि लाखों में)

क्र.सं.	योजना	आवन्टन	व्यय	इकाई	लक्ष्य	उपलब्धि
अ	शिक्षा					
1.	आ.छात्रावास संचालन	387.18	154.96	छात्र सं.	41 (3170)	41 (2775)
2.	छात्राओ को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन	17.50	9.94	छात्रा	500	284
3.	प्रतिभावान विधार्थियो को छात्रवृति	17.50	8.67	छात्र	500	247
4.	कम्प्यूटर प्रशिक्षण	20.00	2.95	यूनिट	190	30
5.	आ.छा. मे मरम्मत एवं सुधारीकरण	20.50	25.30	छात्रावास	41	30
6.	खेल छात्रावास	6.67	3.67	सं.	1 (50)	1 (50)
7.	आवासीय विधालय संचालन	93.90	18.50	स/छात्र	2/350	2/324
8.	पीएमटी, पीईटी, आईआईटी कोचिंग	43.00	1.92	संख्या	143	5
9.	आश्रम छात्रावास में वाचनालय एवं पुस्तकालय निर्माण तथा कम्प्यूटर स्थापना	225.50		सं.	41	
ब	विद्यूत					
1ए	कृषि कुओं का उर्जीकरण	1.00	0.28	संख्या	10	3

2ए	जनजाति बस्ती का विद्यूतिकरण	0.01	2.50	संख्या		1
स	यातायात					
1ए	सडक निर्माण	70.00	104.96	कि.मी.	18	18
द	पेयजल					
1ए	हेण्डपम्प स्थापना	50.00	6.69	संख्या	100	12
य	माडा क्षेत्र में पद सृजन	6.00	4.81	पद सं.	17	9
र	स्वरोजगार ऋण अनुदान (एस.एफ.डी.सी)	30.00	0.37	सं.	300	4
ल	अन्य	0.06	4.48			
	योग	988.82	350.00			

ब. **माडा कलस्टर योजना**– माडा कलस्टर में वर्ष 2009–10 में 12.44 लाख के आवंटन के विरूद्ध माह दिसम्बर 09 तक 1.19 लाख रूपये व्यय किये गये है। छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 0.25 लाख रूपये व्यय कर 7 छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। प्रतिभावान विधार्थियों को छात्रवृति योजना अंतर्गत 7 विधार्थियों को छात्रवृति प्रदान की गई है। पेयजल योजना के अंतर्गत 0.40 लाख रूपये व्यय कर 1 हेण्डपम्प स्थापित किया गया है।

माडा कलस्टर (महाराष्ट्र पेटर्न)

भौतिक एवं वित्तीय प्रगति वर्ष 2009–10 माह दिसम्बर 09 (राशि लाखों में)

क्र.सं.	योजना	आवन्टन	व्यय	इकाई	लक्ष्य	उपलब्धि
अ	कृषि एवं संबंधित सेवाऐं					
1	कृषि कुओं का उर्जिकरण	0.60	0.29		6	3
ब	शिक्षा					
1	छात्राओ को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन	0.67	0.25	ला.	19	7
2	प्रतिभावान विधार्थियो को छात्रवृति	0.67	0.25	″	19′	7
3	हेण्डपम्प निर्माण	10.50	0.40	संख्या	21	1
	योग	12.44	1.19			

स. **बिखरी आबादी** – वर्ष 2009–10 में बिखरी आबादी योजना के अन्तर्गत 318.62 लाख रूपये के आवंटन के विरूद्ध दिसम्बर 09 तक 108.93 लाख रूपये व्यय किये गये छात्राओं हेतु उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना अतंर्गत 228 छात्राओं को एवं प्रतिभावान विधार्थियों को छात्रवृति योजना में 334 विधार्थियों को लाभान्वित किया गया। वर्तमान में 7 आश्रम छात्रावास संचालित किये जाकर 286 विधार्थियों को लाभान्वित किया गया है। पीएमटी/पीईटी/आईआईटी प्रशिक्षण योजना में 20 विधार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में 40 छात्रों को लाभान्वित किया गया। पेयजल योजना अंतर्गत 10 हैण्डपम्प स्थापित किये गये।

इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2009–10 की भौतिक प्रगति निम्नानुसार हैंः–

बिखरी जनजाति (महाराष्ट्र पेटर्न)

भौतिक एवं वित्तीय प्रगति वर्ष 2009–10 माह दिसम्बर 09 (राशि लाखों में)

क्र.सं.	योजना	आवन्टन	व्यय	इकाई	लक्ष्य	उपलब्धि
अ	विद्यूत					
1ए	कृषि कुओं का उर्जिकरण	0.01	0.92	सं.		15
2ए	सोलर लाईट	7.00	1.20	सं.	140	24
स	सामाजिक एवं सामूदायिक सेवाएं					
1ए	आ.छात्रावास संचालन (सूची परिशिष्ठ 15 पर उपलब्ध)	83.63	26.04	संख्या	350	286
2ए	छात्राओ को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन	24.65	8.01	छात्रा	704	228

3ण	प्रतिभावान विधार्थियो को छात्रवृति	23.68	13.83	विद्यार्थी	677	334
4ण	प्रतिष्टित संस्थाओ द्वारा पी.एम.टी / पी.ई.टी. आई.आई.टी. हेतु कोचिंग	17.10	1.39	छात्र	57	20
5ण	आश्रम छात्रावास आधुनिकीकरण / मरम्मत	3.00	3.81	छात्रावास	6	4
6ण	कम्प्यूटर प्रशिक्षण	20.00	1.64	छात्र	200	40
7ण	हेण्डपम्प स्थापना	20.00	5.01	सं.	40	10
8ण	उच्च व्यवसायिक शिक्षा प्रोत्साहन	11.00	1.55	ला.	220	31
9ण	स्वरोजगार ऋण अनुदान (एस.एफ.डी.सी.)	70.00		ला.	700	
10ण	आश्रम छात्रावास में वाचनालय एवं पुस्तकालय निर्माण तथा कम्प्यूटर स्थापना	38.50		सं.	7	
11ण	अन्य	0.04	1.09			
12ण	सडक निर्माण	0.01	44.44	कि.मी.		5
	योग	318.62	108.93			

विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति वर्ष 2009–10 (माह दिसम्बर 09)

अ. **माडा**

वर्ष 2009–10 में माडा लघुखण्ड में 1160.00 लाख रूपये आवंटन के विरूद्ध 518.27 लाख रूपये व्यय किये गये जिससे विस्फोट द्वारा 36 कृषि कुए गहरे कराये गये, 7 एनिकटों का निर्माण, 176 डीजल/ इलेक्ट्रीक पम्प सेट वितरण, 3 फव्वारा सिंचाई सेट वितरण, 34 व्यक्तियों को पीवीसी पाईप लाईन वितरण, 5 जल ग्रहण क्षेत्र का निर्माण किया गया। महिला स्वयं सहायता समूह योजना में 76 महिलाओं को लाभान्वित किया गया।

भौतिक एवं वित्तीय प्रगति (वर्ष 2009–10) माह दिसम्बर 09 (राशि लाखों में)

क्र.सं.	सेक्टर/योजना	आवन्टन	व्यय	इकाई	लक्ष्य	उपलब्धि
अ	कृषि एवं सहायक सेवाएं					
1ए	बैफ सेन्टर	26.28	0.29	यूनिट	11	3
2ए	पावर थ्रेसर पर अनुदान	20.80	5.40	संख्या	52	13
3ए	उधानिकी कार्यक्रम (बैफ द्वारा)	0.01	81.68	’’		1234
4ए	दुधारू पशु वितरण	35.00	10.08	’’	140	40
5ए	सब्जी उत्पादन	5.26		’’	600	
6ए	कृषि उपकरण	10.00	2.00	’’	200	20
ब	सिंचाई					
1ए	कृषि कुओं को ब्लास्टिंग द्वारा गहरा कराना	10.08	1.55	लाभा.	168	36
2ए	एनिकट	380.00	140.98	संख्या	40	7
3ए	विद्युत डीजल पम्पसेट	108.81	70.41	’’	272	176
4ए	फव्वारा के लिए अनुदान	1.22	0.41	’’	10	3
5ए	सामूदायिक कृषि टयूबवैल	5.00	19.02	’’	2	7
6ए	बन्द पडी जलोत्थान सिंचाई योजना का पुनर्द्धार/नवीन योजना	66.76		’’	8	
7ए	जलग्रहण विकास	195.00	64.56	’’	26	5
8ए	पीवीसी पाईप लाईन वितरण	15.20	3.01	’’	76	34
स	सामाजिक सामुदायिक सेवाए					
1ए	महिला स्वयं सहायता समूह	40.56	19.01	लाभा.	162	76
2ए	जनजाति व्यक्तियों को व्यवसायिक प्रशिक्षणा एवं स्वरोजगार		70.73	’’		200
3ए	सम्पर्क सडक	123.60	14.60	संख्या	18	2
4ए	राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट कोर्स इन आई.टी.	41.40		लाभा.	1800	
5ए	व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण(आरमोल एवं अन्य द्वारा)	75.00		लाभा.	300	
6ए	समूह आधारित आय संवर्द्धन	0.01	10.23	लाभा.		40
द	अन्य योजनाएं	0.01	4.31			
	योग	1160.00	518.27			

ब. **माडा कलस्टर**

वर्ष 2009–10 में विशेष केन्द्रीय सहायता में 42.00 लाख रूपये के आंवटन के विरूद्ध माह दिसम्बर तक 14.85 लाख रूपये व्यय किये गये। 26 डीजल पम्प सेट पर अनुदान दिया गया 20 जनजाति व्यक्तियों को पीवीसी पाईप लाईन वितरण किया गया।

भौतिक एवं वित्तीय प्रगति वर्ष 2009–10 माह दिसम्बर 09 (राशि लाखों में)

क्र.सं	योजना	आवन्टन	व्यय	इकाई	लक्ष्य	उपलब्धि
1	लघु सिंचाई					
1प	कृषि कुओं को ब्लास्टिंग द्वारा गहरे कराना	2.28	1.00	लाभा.	38	16
2प	डिजल/विद्युत पम्पसेट पर अनुदान	17.50	10.55	संख्या	44	26
3प	फव्वारा सिंचाई सेट पर अनुदान	5.76		लाभा.	38	
4प	पी.वी.सी. पाईप लाईन वितरण	2.00	1.96	लाभा.	20	20
5प	एनिकट निर्माण	10.00		संख्या	3	
6प	सम्पर्क सडक	4.45		संख्या	1	
7प	अन्य	0.01	1.34			
	योग	42.00	14.85			

स. **बिखरी जनजाति**

बिखरी जनजाति क्षेत्र में वर्ष 2009–10 में वि.के.स. मद में 1642.34 लाख रूपये के विरूद्ध माह दिस. 09 तक 515.87 लाख रूपये व्यय किया गया। जिससे 100 डीजल/इलेक्ट्रीक पम्पसेट वितरण, 7 एनिकट निर्माण, 40 फव्वारा सिंचाई सेट वितरण, 58 व्यक्तियों को पीवीसी पाईप लाईन वितरण किया गया। महिला स्वयं सहायता समूह में 364 महिलाओं को लाभान्वित किया गया।

वित्तीय एवं भौतिक प्रगति वर्ष 2009–2010 माह दिसम्बर 09 (राशि लाखों में)

क्र.	योजना	आवन्टन	व्यय	इकाई	लक्ष्य	उपलब्धि
अ	कृषि एवं सहायक सेवाएं					
1	पावर थ्रेसर पर अनुदान	35.00	8.40	सं.	87	21
2	बाड़ी विकास योजना	0.01	70.56	लाभा.		362
3	दुधारू पशु क्रय योजना	45.00	22.15	लाभा.	180	88
ब	लघु सिंचाई					
1	ब्लास्टिंग द्वारा कृषि कूए गहरे कराना	42.77	2.75	लाभा.	713	45
2	एनिकट	500.00	116.28	संख्या	55	7
3	पी.वी.सी. पाईपलाईन	45.00	6.99	संख्या	225	58
4	विद्युत/डीजल पम्पसेट पर अनुदान	150.50	39.62	संख्या	376	100
5	सामुदायिक कृषि ट्यूबवैल स्थापना	20.00	5.43	संख्या	8	2
6	फव्वारा सिंचाई सेट पर अनुदान	35.00	5.07	लाभा.	233	40
7	नवीन एवं बन्द पडी जलोंत्थान सिंचाई योजनाएं	56.00	3.50	संख्या	8	1
स	सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाएं					
	जनजाति व्यक्तियों हेतु कृषि प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार		73.25	लाभा.		293
1प	महिला स्वयं सहायता समूह	200.00	91.03	लाभा.	800	364
2प	सम्पर्क सडक	344.05	35.01	किमी	35	4
3प	राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट कोर्स इन आई.टी.	69.00		सं.	3000	
4प	व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण(आरमोल एवं अन्य द्वारा)	100.00		सं.	400	
5प	समूह आधारित आय संवर्द्धन	0.01	30.71	लाभा.		120
6प	अन्य		5.12			
	योग	1642.34	515.87			

संविधान की धारा 275(1) अन्तर्गत प्रगति

गैर अनुसूचित क्षैत्र में संविधान की धारा 275(1) के अन्तर्गत वर्ष 2009–10 में 958.40 लाख रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्राप्त स्वीकृति के विरूद्ध दिसम्बर 09 तक योजनावार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति निम्नानुसार है–

वित्तीय एवं भौतिक प्रगति वर्ष 2009–10 माह दिसम्बर 09 (राशि लाख रू. में)

क्र.	योजना	स्वीकृत राशि	व्यय	लक्ष्य	उपलब्धि
1	आश्रम छात्रावासों में अतिरिक्त डोरमेट्री निर्माण	125.40	–	47	–
2	सामुदायिक भवन निर्माण	80.00	38.40	27	8
3	आश्रम छात्रावासो की मरम्मत एवं रख–रखव	100.00	–	47	–
4	सडक निर्माण	317.00	73.12	32 कि.मी.	10
5	बस्ती विद्युतिकरण	66.00	–	33 बस्ती	–
6	गर्ल्स हॉस्टल	200.00	–	1	–
7	आवासी विद्यालय संचालन	70.00	52.00	–	–
8	अन्य (अतिरिक्त कक्षा–कक्ष, पम्प एण्ड टेंक, उप स्वास्थ्य केन्द्र, कलवर्ट/पुलिया, बस स्टॉप		24.42		
	योगः–	958.40	187.94		

सहरिया विकास कार्यक्रम

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा सहरिया विकास कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित योजनाओं हेतु वर्ष 2008–09 में 1870.51 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया एवं वर्ष 2009–10 हेतु 2233.14 लाख रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। मदवार प्रावधान एवं व्यय की सूचना निम्नांकित तालिका में दर्शाई गई हैः–

(राशि लाखों में)

क्र.सं.	मद	वर्ष 2008–09		वर्ष 2009–10	
		आवंटन	व्यय	प्रस्तावित आवंटन	व्यय 12/09
1	विशेष केन्द्रीय सहायता	109.66	57.85	109.66	22.69
2	संविधान की धारा 275(1)	0.00	122.72	272.00	63.45
3	महाराष्ट्र पेटर्न	603.36	415.57	571.20	346.94
4	केन्द्र प्रवर्तित योजना	1157.49	61.09	1280.28	309.24
	योग	1870.51	657.23	2233.14	742.32

सहरिया विकास कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित की वर्ष 2009–10 (दिसम्बर, 2009 तक) की प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार हैं ।

वर्ष 2009–10 में महाराष्ट्र प्रणाली के तहत सहरिया विकास कार्यक्रम अन्तर्गत रूपये 571.20 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्य दिसम्बर 09 तक 278.99 लाख रूपये प्राप्त हुए एवं 346.94 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है।

1. आश्रम छात्रावास संचालन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियॉ :–

वर्ष 2009–10 में 20 आश्रम छात्रावासों का संचालन कर 1030 छात्र–छात्राओं के लक्ष्य विरूद्ध 1038 छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जा गया है। इन छात्र–छात्राओं को छात्रावास की समस्त सुविधा मुहैया कराई गई है। अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में छात्रावास संस्थापन व्यय, आश्रम छात्रावासों के 300 छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण एवं आश्रम छात्रावास के बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10 एवं 12) के छात्र–छात्राओं को कोचिंग करवाना है। आश्रम छात्रावास संचालन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में दिसम्बर 09 तक राशि रूपये 43.91 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है। छात्रावासवार छात्र क्षमता एवं प्रवेश का विवरण **परिशिष्ट ''15''** पर संलग्न है।

2. मुफ्त पोशाक वितरण (कक्षा 1 से 5 तक)

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2009–10 में दिसम्बर 09 तक रूपये 19.21 लाख रूपये व्यय कर 9613 सहरिया छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

3. मुफ्त स्टेशनरी वितरण (कक्षा 1 से 5 तक)

इस योजना के अर्न्तगत वर्ष 2009–10 में दिसम्बर 09 तक रूपये 7.55 लाख रूपये व्यय कर 9613 सहरिया छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

4. मुफ्त स्टेशनरी पोशाक एवं स्कूल फीस वितरण (कक्षा 6 से 12 तक)

इस योजना के अर्न्तगत वर्ष 2009–10 में दिसम्बर 09 तक रूपये 16.84 लाख रूपये व्यय कर 2106 सहरिया छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

5. प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को छात्रवृति

इस योजना के अर्न्तगत वर्ष 2009–10 में दिसम्बर 09 तक रूपये 0.05 लाख रूपये व्यय कर 1 सहरिया छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

6. कॉलेज छात्रा–छात्राओं को अर्थिक सहायता

इस योजना के अर्न्तगत वर्ष 2009–10 में दिसम्बर 09 तक रूपये 1.69 लाख रूपये व्यय कर 13 सहरिया छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

7. सहरिया छात्रों को उपस्थिति हेतु प्रोत्साहन

इस योजना के अर्न्तगत वर्ष 2009–10 में दिसम्बर 09 तक रूपये 1.58 लाख रूपये व्यय कर 496 सहरिया छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

8. मॉ–बाडी संचालन

मॉ–बाडी योजनान्तर्गत वर्ष 2009–10 में 180 मॉ–बाडी केन्द्रों का संचालन कर 5400 छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया गया है । माह दिसम्बर 09 तक इस योजना में रूपये 142.48 लाख व्यय किये जा चुके है।

9. दुर्घटना एवं बिमारी में सहायता

राजस संघ आदिवासी कल्याण हेतु कुछ प्रमुख व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन अपनी पूंजी लगा कर करता है। अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होने पर राज्य सरकार के अतिरिक्त राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से मार्जिन मनी के रूप में सहायता भी प्राप्त करता है।

उपभोक्ता सामग्री वितरण

संघ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत नियंत्रित सामग्री जिला रसद विभाग द्वारा संबंधित जिलें में आवंटित तहसील क्षेत्र में गेहूॅं,चावल, व चीनी के थोक विक्रेता के रूप में कार्यरत हैं।

वर्ष 2008–09 तथा दिसमबर, 2009–10 तक किये गये व्यवसाय का विवरण निमनानुसार हैं–

(राशि लाख रूपये में)

वर्ष	2008–09	2009–10 (दिसम्बर,09)
विवरण	टर्न ऑवर	टर्न ऑवर
नियन्त्रित उपभोक्ता	4280ण15	3556ण56

कृषि उपादान वितरण

जनजाति उपयोजना क्षेत्र में दुर्गम स्थानों पर वर्षा में कृषि उपादान पहुंचाने में आने वाली असुविधा एवं समय पर आदिवासियों को खाद बीज व कीट नाशक औषधियों उपलब्ध हो सके इस बात को ध्यान में रखकर संघ फसल बुवाई के पन्द्रह बीस दिन पूर्व ही लेम्पस मुख्यालय पर कृषि उपादान पहुचाने की व्यवस्था करता है। इस व्यवसाय में वर्ष 2008–09 एवं माह दिसम्बर ,2009 तक की प्रगति का विवरण निम्नानुसार हैं :–

(राशि लाख रूपये में)

वर्ष	2008–09	2009–10 (माह दिसम्बर, 2009 तक)
विवरण	टर्न ऑवर	टर्न ऑवर
खाद	799ण76	997ण17
बीज	19ण28	13ण16
दवाईयां	12ण91	1ण12
योग	**831ण95**	**1011ण45**

लघु वन उपज

जनजाति उपयोजना एवं सहरिया क्षेत्र में उपलब्ध होने वाली लघु वन उपजों के संग्रहण के लिए राजससंघ को ऐकाधिकार वर्ष 1977 से प्रदत्त थे। पीसा एक्ट के प्रावधानों के तहत वर्ष 2003–04 से अधिनियम के लागू होने तक उपजों के संग्रहण का एकाधिकार राजससंघ को ही दिया गया है। मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 1.9.06 के अनुसरण में राजससंघ द्वारा इन उपजों का संग्रहण प्राईवेट एजेन्टों को समाप्त कर लेम्पस, ग्रामीण वन सुरक्षा एवं प्रबन्धकीय समितियॉ तथा ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जा रहा है। इस गतिविधि में संग्रहित की जाने वाली मुख्य उपजें रतनजोत, पुवाड़ कणज़ धतूरी, गोंद धावड़ा, महुआ, पुवाड़, डोलमा आदि है। गत दो वर्षो सहित वर्ष 2009–10 में माह दिसम्बर,09 तक का प्रगति विवरण निम्नानुसार है :–

(राशि लाखों में)

वर्ष	संग्रहण
2007–08	94ण89
2008–09	52ण87
2009–10(दिसम्बर,09)	113ण60

मत्स्य पालन :

समेकित मत्स्य विकास परियोजना

मत्स्याखेट के माध्यम से आदिवासियों को सहकारिता के आधार पर उनके घर के समीप रोजगार का अतिरिक्त साधन उपलब्ध कराने की दृ टि से राज्य सरकार द्वारा राजससंघ को माही बजाज सागर, कडाना बेक वाटर एवं जयसमन्द जला ाय आवटित किये गये थे। मत्स्य नियमों के तहत जला ायों के आवंटन की अधिकतम अवधि 25 वर्श पूर्ण हो जाने पर राज्य सरकार द्वारा इन जला ायों का आवंटन संघ को नहीं किया गया है। दिनांक 29–02–2008 को माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय (सो ायल इन्फ्रास्ट्रचर) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार उक्त जला ाय पुनः राजससंघ को आवन्टित कराना अपेक्षित है।

मत्स्य पालन हेतु संघ के वुहद् गत 25 वर्श के अनुभव एवं इस हेतु योग्य तकनीकी स्टाफ की उपलब्धता तथा आधारभूत सुविधाओं को ध्यान में रख कर संघ द्वारा बॉसवाडा जिले के छोटे जला ायों में मछली पालन के माध्यम से स्थानीय जनजाति युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने की दृश्टि से एक समेकित मत्स्य विकास परियोजना तैयार की गयी है। उक्त प्रस्तावित योजना में 4 वर्शो में 600 हेक्टर जल क्षेत्र में 600 जनजाति युवकों के माध्यम से मछली पालन का कार्य किया जायेगा। उक्त योजना की कुल लागत 2.97 करोड रूपये है तथा योजना से प्रति व्यक्ति प्रति वर्श लगभग 40000/– रूपये की आय संभावित है।

इस हेतु भारत सरकार के अं ा की रा ि रूपये 32.25 लाख रूपये प्राप्त हो चुके है। योजना के प्रथम वर्श 2006–07 में 200 हेक्टर जल क्षेत्र का आवन्टन एवं 200 लाभान्वितों के विरूद्ध 143 हेक्टर जल क्षेत्र का आवन्टन व 143 लाभान्वितों को प्र ि क्षण दिया गया तथा चयनित तालाबों में 2.07 लाख आंगुलिकों का संचय व लाभान्वितों का दुर्घटना बीमा कराया गया।''

योजना के द्वितीय वर्श 2007–08 में 200 हेक्टर जल क्षेत्र आवन्टन में 200 लाभान्वितों के लक्ष्यों के विरूद्ध 210 हेक्टर जल क्षेत्र का आवन्टन व 210 लाभान्वितों को मत्स्य प्र ि क्षण दिया गया तथा चयनित 26 जला ायों में 22 लाख फ्राई 6.35 लाख एडवान्स फ्राई 1.28 लाख फिगंरलिंग का संचय किया गया। वर्श के दौरान प्रथम वर्श के लाभान्वितों द्वारा 553 क्विन्टल मछली का उत्पादन लिया गया जिससे लगभग 22.12 लाख रूपये की आय प्राप्त हुई।

इसके अतिरिक्त 353 लाभान्वितों का दुर्घटना बीमा व 96 कि.ग्रा. जाल व 45 नावें 50 प्रतिशत अनुदान पर 144 सदस्यों को उपलब्ध कराया गया। उक्त कार्यो के अतिरिक्त योजना अनुरूप 37 जला ायों पर फी ा स्क्रीन का निर्माण, एक लोडिंग जीप मय क्रेटस, दो कम्प्यूटर मय सहायक सामग्री व 40 इन्सूलेटेड बाक्स योजना हेतु क्रय किये गये।

प्रथम एवं द्वितीय वर्श के 353 लाभान्वितों को 353 साईकिल मय बाक्स उपलब्ध कराने हेतु क्रय की कार्यवाही की जा रही है। तृतीय वर्ष में 200 हेक्टर जल क्षेत्र एवं 200 लाभान्वितों के विरूद्ध 148 हेक्टर जल क्षेत्र एवं 148 लाभान्वितों का चयन एवं आवंटन कर लिया गया है। इन जलाशयों में 24.00 लाख (फ्राई) मत्स्य बीज संग्रहण, नये चयनित लाभान्वितों का प्रशिक्षण, 45 नावें एवं 96 किलो जाल का वितरण एवं लाभार्थियों का दुर्घटना बीमा आदि कार्य सम्पादित किये गये। वर्ष के दौरान कुल 501 हेक्टर जल क्षेत्र के 501 लाभार्थियों द्वारा 761 क्विंटल मछली का उत्पादन प्राप्त किया गया जिसकी बिक्री से लाभार्थियों को लगभग 30.46 लाख रूपये की आय हुई।

बॉसवाडा जिले हेतु संचालित योजना के अनुरूप उदयपुर एवं डूॅगरपुर जिले के छोटे जला ायों में मछली पालन के माध्यम से जनजाति युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने की समेकित

मत्स्य विकास योजना वर्श 2008–09 में प्रारम्भ की गई। योजनान्तर्गत उदयपुर एवं डूंगरपुर जिले हेतु 150–150 हेक्टर जल क्षेत्र में मछली पालन के माध्यम से 150–150 आदिवासियों को लाभान्वित किये जाने के लक्ष्य के विरूद्ध उदयपुर एवं डूंगरपुर जिले में क्रमशः 148 एवं 168 हेक्टर का सर्वेक्षण एवं आवंटन का कार्य पूर्ण किया गया।

वर्ष 2009–10 में माह जुलाई के अंत तक बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं उदयपुर जिले के कुल 216 हेक्टर जलक्षेत्र में मत्स्य बीज का संग्रहण किया जा चुका है।

जनजाति स्वरोजगार योजना

वर्ष 2001–02 में जनजाति के बैरोजगार युवक /युवतियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनजाति स्वरोजगार योजना राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत कर राजस्थान जनजाति क्षैत्रीय विकास सहकारी संघ लि0 उदयपुर के माध्यम से 5 जिलों– यथा– उदयपुर,डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ एवं सिरोही(आबूरोड) में प्रारम्भ की गई है।

योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को उद्योग/सेवा/ व्यवसाय हेतु योजना में सम्मिलित इकाईयों के लिए आर्थिक सहायता बैंक ऋण के रूप में प्रदान कराई जावेगी, जिसमें इकाई लागत का 50प्रतिशत अथवा 10,000/–रू0 जो भी कम हो अनुदान देने का प्रावधान है।
राजस संघ द्वारा इस योजना में मुख्य रूप से खादी ग्रामोद्योग सेवा, छोटे व्यवसाय सम्मिलित किये है उनमें सिलाई कार्य, सीमेन्ट जाली निर्माण, चर्म कार्य, लौहारी कार्य, बूट पालिश,रेडीमेड गारमेन्ट, फल–सब्जी की दुकान,बैलगाडी,मनिहारी, बिजली के सामान की दुकान, मैकेनिक शोप, साईकिल दुकान, रेडियो/ टी.वी. सेवा केन्द्र, आटा चक्की, ड्राईक्लीन की दुकान, फर्श की घिसाई, सफेद मूसली उत्पादन आदि सम्मिलित है। योजनान्तर्गत वर्ष 2008–09 तथा वर्ष 2009–10 में माह दिसम्बर,09 तक की उपलब्धि निम्नानुसार रही है।

(राशि लाख रूपये में)

–

वर्ष 2008–09

(राशि लाख रूपये में)

क्र. सं.	जिला	लक्ष्य वर्ष 2008–09		विभिन्न बैंकों को भेजे गये कुल प्रस्ताव	उपलब्धि वर्ष 2008–09 (31 मार्च, ,09 तक)		कार्यक्रम
		भौतिक	वित्तीय		भौतिक	वित्तीय	
1.	उदयपुर	465	46ण50	645	486	48ण60	कृषि व वन आधारित व्यापार,उधोग, व्यवसाय सेवा, पशुपालन आदि।
2.	डूंगरपुर	333	33ण30	296	249	24ण90	
3.	बॉसवाड़ा	478	47ण80	686	551	55ण10	
4.	प्रतापगढ .(चित्तौडगढ़)	189	18ण90	260	173	17ण30	
5.	आबूरोड़	35	3ण50	40	25	2ण50	
	योग	**1500**	**150ण00**	**1927**	**1484**	**148ण40**	

वर्ष 2009–10

(राशि लाख रूपये में)

क्र. सं.	जिला	लक्ष्य वर्ष 2009–10		विभिन्न बैंकों को भेजे गये कुल प्रस्ताव	उपलब्धि वर्ष 2009–10 (31 दिसम्बर,09 तक)		कार्यक्रम
		भौतिक	वित्तीय		भौतिक	वित्तीय	
1.	उदयपुर	610	61ण00	402	61	6ण10	कृषि व वन आधारित व्यापार,उधोग, व्यवसाय सेवा, पशुपालन आदि।
2.	डूंगरपुर	449	44ण90	299	40	4ण00	
3.	बॉसवाड़ा	644	64ण40	600	56	5ण60	
4.	प्रतापगढ . (चित्तौडगढ़)	251	25ण10	125	23	2ण30	
5.	आबूरोड़	46	4ण60	23	0	0	
	योग	**2000**	**200ण00**	**1456**	**180**	**18ण00**	

नोट '– विशेष केन्द्रीय सहायता मद में 1500 एवं महाराष्ट्र पेटर्न मद में 500 के लक्ष्य, इस तरह कुल 2000 के लक्ष्य आवंटित किये गये है।

3. स्वच्छता जल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना

स्वच्छ (स्वच्छता, जल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना) जो कि सीडा व यूनिसेफ के आर्थिक सहयोग से चलाई जा रही थी। स्वच्छ की सफलता व अनुभवो को मद्दे नजर रखते हुए इसके स्वरूप को बनाए रखने के लिये एक जनवरी 1996 से एक स्वयं सेवी संस्था (गैर सरकारी) के रूप में पंजीकृत है,किया गया/करवाया गया। वर्तमान मे इसी रूप मे संस्था क्रिया ील है।

<u>स्वच्छ के निम्न उद्धेश्य है:</u>

- जनजाति उपयोजना क्षेत्र एवं राजस्थान के अन्य ग्रामीण क्षैत्रों में रहने वाले ग्रामवासियों, विशेष तौर से महिलाओं व बच्चों के जीवन स्तर व सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाना।
- सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना।
- क्षेत्र में रहने वाले ग्रामवासियों की व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वच्छता के स्तर को बेहतर बनाना तथा पर्यावरणीय स्वच्छता में सुधार लाना।
- जल प्रबन्धन तथा स्वास्थ्य चेतना के क्षेत्र में समुदाय के दृष्टिकोण व आदतों में सकारात्मक परिवर्तन लाना।
- सभी प्रकार की जल जनित बीमारियों सम्बन्धी श्रव्य, दृष्य व छपी हुई सामग्री की समीक्षा कर क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार उसका मुद्रण करवाना अथवा क्रय करना।
- सम्बन्धित संस्थाओं को संचार सामग्री सम्बन्धी उचित उपकरणों के पहचान व क्रय करने में सहायता करना।
- ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं को संचार सामग्री निर्माण अध्ययन/प्रशिक्षण के सम्बन्ध में विशेषज्ञ सलाह व तकनीकी जानकारी प्रदान करना।
- ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं हेतु कार्यशालाओं, सेमीनार व प्रशिक्षण आयोजित करने में समन्वय स्थापित करना।
- फ्लोराइड नियंत्रण के क्षेत्र में उन व्यक्तियों/संस्थाओं की पहचान करना जो प्रशिक्षण मोड्यूल निर्माण व शोध के क्षेत्र में कार्यरत है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादित वस्तुओं की बिक्री को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षैत्रों में रोजगार को बढ़ावा देना।
- प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग कर जीवन स्तर में सुधार लाना।
- जनश्री बीमा एवं जनजाति समुदाय से स्वैच्छिक रक्तदान जैसे कार्यो के प्रति जागरूकता पैदा करना ।

स्वच्छ परियोजना द्वारा अनुसूचित क्षेत्र/ गैर अनुसूचित क्षेत्र मे संचालित कार्यक्रम

अनुसूचित क्षेत्र :

अनुसूचित क्षेत्र के जिलो में मुख्य रूप से संपन्न कराए जा रहे कार्यक्रम :

1. क्षय नियंत्रण कार्यक्रम :

अनुसुचित क्षेत्र मे स्वच्छ द्वारा तपेदिक नियन्त्रण कार्यक्रम वर्ष 1996–97 से क्रियान्वित किया जा रहा है। संभावित क्षय रोगियों की जाचं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक के द्वारा की जाती है तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई दवा स्वच्छ परियोजना के ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता (स्वास्थ्यकर्मी) द्वारा रोगी को अपनी उपस्थिति में दी जाती है। दवा के अतिरिक्त प्रत्येक क्षय रोगी को उपचार अवधि में पोष्टिक आहार के रूप में 3 कि.ग्रा. सत्तु प्रतिमाह दिया जाता है। स्वच्छ परियोजना द्वारा मार्च 2009 तक 760 गाँवो में 37803 क्षय रोगियों की पहचान की गई तथा 32071 रोगियो का उपचार पूर्ण किया गया है। वर्श 2008–09 मे स्वीकृत रा ाि रू. 105.40 लाख थी एवं 3000 रोगियो लक्ष्य था । उपरोक्त लक्ष्य के विरूद्व मार्च 2009 तक रू. 79.15 लाख व्यय हुआ। 2968 रोगी पुर्ण उपचारित हुए । 31 मार्च 2009 को बचत रा ि ा 42.47 लाख रूपये थी। वर्श 2009–10 मे इस योजना मे 3000 रोगीयो हेतु राशि रूपये
112.00 लाख के प्रस्ताव भिजवाए गए है । जिसकी स्वीकृति प्राप्त होनी भोश है । वर्श 2009–10 मे माह दिसम्बर, 2009 तक रा ि ा रू. 48.13 लाख व्यय हो चुके है एवं 2242 रोगी पुर्ण उपचारित हुए है ।

2. जनजाति विकास की समग्र योजनाए :

2.1 24 जनजाति ग्रामो का समग्र विकास :

इस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित क्षैत्र के उदयपुर, डूँगरपुर तथा बांसवाडा के संलग्न सूची अनुसार 24 गांवो के समग्र विकास हेतु एक योजना का सृजन किया गया है। इस योजनान्तर्गत कृषि विकास, पशुपालन, सिंचाई, आय सृजन से सम्बन्धित गतिविधियां ली जाकर जनजाति परिवारों की आर्थिक हालत मे सुधार किया जा रहा है। इस योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्श 2004–05 मे 278.40 लाख, 2006–07 मे 198.80 एवं 2007–08 मे 50.00 लाख कुल 527.20 लाख विशेष केन्द्रीय सहायता के अन्तर्गत स्वीकृत किये गये है। कुल प्राप्त रा ि ा रूपये 477.20 लाख के विरूद्व माह दिसम्बर, 2009 तक रू. 446.79 लाख का व्यय किया गया है ।

2.2 20 जनजाति ग्रामो का समग्र विकास योजनाः

इस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित क्षेत्र के उदयपुर,डूंगरपुर तथा बॉसवाडा के 20 ग्रामो के समग्र विकास हेतु एक योजना का सृजन किया गया है । उक्त योजना हेतु तीन वर्षीय योजना रू. 600 लाख के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाये गये है । जिसकी स्वीकृति प्राप्त नही हुई है ।

2.3 समग्र विकास योजना जिला झालावाड :

जिला झालावाड में 5 माडा लघु खण्डों के समग्र विकास हेतु एक परियोजना राि ा रू. 622. 25 लाख की स्वीकृत प्राप्त हुई थी, जिसका कार्य चार वर्शो मे पुर्ण होना है, प्रथम वर्श मे 10 प्रति ात एवं आगामी 3 वर्शो मे प्रतिवर्श 30 प्रति ात राि ा का व्यय होना है । प्रथम वर्श की 10 प्रति ात राि ा रू. 62.25 लाख की स्वीकृति वि ोश केन्द्रीय सहायता मद से वर्श 2007–08 मे प्राप्त हुई है। उक्त योजना हेतु 20 प्रतिशत राशि 12.45 लाख प्राप्त हुई। जिसका पुर्ण व्यय माह मार्च 2009 तक किया जा चुका है एवं शेष राशि रू. 49.80 लाख हस्तान्तरण हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद,झालावाड को पत्र भी लिखा जा चुका है व कार्य प्रगति पर है । चालु वित्तिय वर्श मे इस योजना हेतु टोकन प्रावधान किया हुआ है । इस वर्श दिसम्बर,2009 तक रू. 20.93 का व्यय हो चुका है।

3. कथौडी समग्र विकास योजना (275–1)

कथौडी समुदाय के समग्र विकास हेतु राशि रू. 369.36 लाख की तीन वर्षीय योजना तैयार की गई जिसके तहत वर्ष 2004–05, 2005–06 एवं 2006–07 मे संविधान की धारा 275{1} मे क्रमशः राशि रू. 100.00, 76.87 एवं 50.00 लाख कुल 226.87 लाख स्वीकृत हुए। माह मार्च 2009 तक रू. 182.47 लाख का व्यय किया गया है । चालु वित्तीय वर्श के माह दिसम्बर, 2009 तक रू. 20.91 लाख का व्यय किया गया। प्राप्त राि ा मे से 211.37 लाख मे से 184.12 लाख के उपयोगिता प्रमाण–पत्र माह सितम्बर 2009 तक भिजवा दी गई है। भोश राि ा रू. 27.25 लाख रही है। योजना मे प्रमुख रूप से आवास निर्माण, सिंचाई संसाधन मे वृद्वि, कृशि व प ाुपालन क्षेत्र मे विकास एवं आय संसाधन गतिविधिया का कार्य किया जा रहा है ।

4. मां बाडी केन्द्रो का संचालन

4.1 मां–बाडी उद्वेश्य :

अनुसूचित क्षेत्र के ऐसे बालक / बालिकाऐ जो दुरस्थ फलो मे आवारस होने से स्कूल नही जा पाते है । शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा कर शिक्षा से जोडना तथा कुपोषण से बचना है।

स्वच्छ परियोजना द्वारा सहरिया क्षेत्र मे मां बाडी योजना का कियान्वयन किया जा रहा थ। जिसमे 30 ऐसे बालक / बालिकाऐ जो कि पाठशाला नही जा पा रहे थे मे शिक्षा के प्रति रूझान पैदा करने के लिये उन्ही के फले/धाणियों मे मां बाडी केन्द्र चलाये गए जिसमे छात्र/छात्राओ के शिक्षा के साथ साथ पोशाक, नाश्ता भोजन इत्यादि की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम की सफलता को देखते हुये वर्ष 2007–08 से अनुसूचित / गैर अनुसूचित क्षेत्र मे 150 मां बाडी केन्द्र संचालन प्रारम्भ किया गया । वर्ष 2007–08 एवं 2008–09 मे माँ–बाडी संचालन हेतु कुल स्वीकृत राशि 450.00 लाख के विरूद्व माह दिसम्बर 2009 तक 433.93 लाख का व्यय हुआ है । वर्ष 2009–10 मे कथोडी विकास योजना की 5 माँ–बाडी केन्द्र को सम्मिलित करते हुए कुल 155 माँ–बाडी केन्द्र संचालन हेतु 1.00 लाख प्रति सेन्टर प्रावधान किया गया जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है ।

4.2 मॉ–बाडी निर्माण (अनुसूचित क्षेत्र) :

मॉ–बाडी योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु वर्श 2007–08 मे 150 लाख स्वीकृत हुए है जो पुर्ण रूप से व्यय किया जा चुका है । जिसकी समस्त यु.सी. भेजी जा चुकी है ।

5. सहरिया क्षैत्र की योजनाएं :

5.1 तपेदिक नियन्त्रण कार्यक्रम :

बांरा जिले के सहरिया क्षेत्र में स्वच्छ द्वारा वर्ष 1998–99 से तपेदिक नियंत्रण कार्यक्रम का 180 गांवो मे क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजनान्तर्गत वर्श 2006–07 मे 400 रोगियो हेतु राि ा रू. 21.74 लाख स्वीकृत हुए । उक्त राि ा का उपयोग वर्श 2007–08 व 2008–09 मे किया गया। मार्च 2009 तक रू. 4.18 लाख भोश थे । मार्च 2009 मे बचत राि ा 4.18 लाख के विरूद्व माह दिसम्बर, 2009 तक 6.37 लाख व्यय हो चुके है। भौतिक लक्ष्य 400 रोगी के विरूद्व 249 रोगी पुर्ण उपचारित हुए। वर्श 2007–08 मे 400 रोगियो हेतु रू. 21.74 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई। जिसकी राि ा प्राप्त होना भोश है। वर्श 2008–09 मे भी 400 रोगियो हेतु रू. 21.74 लाख के प्रस्ताव भिजवाये गये थे एवं वर्श 2009–10 के प्रस्ताव मे टोकन मनी का प्रावधान रखा गया है। जिसकी स्वीकृत प्राप्त नही हुई है।

5.2 माँ–बाडी केन्द्र एवं भवन निर्माण :

सहरिया क्षेत्र मे स्वच्छ द्वारा 180 पुर्व वर्शो से माँ–बाडी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा था। क्षेत्र मे इस कार्यक्रम की ग्प्रहयता के दृश्टिगत चालु वित्तिय वर्श मे 27 अतिरिक्त मां–बाडी केन्द्र संचालन एवं निर्माण की स्वीकृति प्राप्त होने से अब 207 केन्द्र संचालित किये जा रहे है। माँ–बाडी भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है जिस पर माह दिसम्बर, 2009 तक रू. 23.15 लाख व्यय किया गया है ।

इस योजना मे प्रति मां बाडी केन्द्र संचालन हेतु रू. 1.00 लाख प्रति एवं भवन निर्माण हेतु रू. 1.00 लाख की प्र ाासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। मां–बाडी योजना के संचालन पर अप्रेल 09 को भोश बची रा ि 154.03 लाख के विरूद्व चालु वित्तिय वर्श के माह दिसम्बर, 2009 तक 171.74 लाख व्यय किया जा चुका है ।

5.3 सहरिया स्वास्थ्यकर्मी सहयोगी (महिला)

उक्त योजना पर चालु वित्तिय वर्श मे राशि रू. 15.26 लाख प्राप्त हुए है ।
प्राप्त रूपये के विरूद्व माह दिसम्बर, 2009 तक रू. 15.22 लाख व्यय किया जा चुका है । कार्य प्रगति पर है ।

6. नरेगा योजनान्तर्गत कार्य :

स्वच्छ परियोजना के जयपुर स्थित ईकाई कार्यालय द्वारा नरेगा योजना सम्बन्धित कार्य किया जा रहा है । योजना पर माह दिसम्बर, 2009 तक रू. 67.17 लाख व्यय किया जा चुका है ।

7. आश्रम छात्रावासो का मरम्मत कार्य :

टी.एस.पी. क्षेत्र मे 30 आश्रम छात्रावासो के मरम्मत कार्य हेतु कुल राशि रूपये 175.48 लाख हॉल ही स्वीकृत किये गये है। स्वीकृति के विरूद्व पूर्ण राशि प्राप्त हो चुकी है। जिसमे से राशि रू. 25.81 व्यय हो चुके है।

4. सेरीकल्चर परियोजना

(1)सेरीकल्चर

क्षेत्र के जनजाति कृषकों का निरन्तर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा सेरीकल्चर कार्यक्रम उदयपुर जिले में चलाया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम से परम्परागत फसलों की तुलना में कृषक तीन गुना अधिक आमदनी प्राप्त कर रहा हैं। रेशम उत्पादन से जुडी गतिविधियों जैसे रेशम कीटपालन, रेशम धागाकरण, शहतूत पौधरोपण, शहतूत नर्सरी उत्पादन, बांस उपकरण निर्माण आदि में जनजाति कृषक अपने श्रम का योगदान देकर निरन्तर लाभ अर्जित कर रहे है। सेरीकल्चर कार्यक्रम के अन्तर्गत जनजाति कृषकों को एक बार शहतूत यूनिट लगाने पर 3,200 रुपये अनुदान तथा रेशम कीट पालन हेतु बांस उपकरण के लिये 2100 रुपये का अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2009–10 में रुपये 10.40 लाख राशि का प्रावधान है इसके विपरीत दिसम्बर 2009 तक रुपये 8.265 लाख रुपये व्यय हुए हैं। 300 लाभान्वितों के लक्ष्य के विपरीत 300 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया हैं।

(2)मशरूम कार्यक्रम

क्षेत्र के जनजाति कृषकों को पोष्टिक आहार उपलब्ध करवाने तथा आर्थिक उत्थान हेतु विभाग द्वारा मशरूम कार्यक्रम उदयपुर जिले के अन्तर्गत संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ढिंगरी तथा बटन दो प्रकार की मशरूम की खेती करवाई जा रही है। विभाग द्वारा कृषकों को ढिंगरी मशरूम उत्पादन हेतु 6450 रुपये का तथा बटन मशरूम उत्पादन हेतु 3350 रुपये का अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस हेतु वर्ष 2009–10 में 16.20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस कार्यक्रम में दिसम्बर 2009 तक 16.20 लाख रुपये व्यय हो चुके है तथा 250 लाभान्वितों के लक्ष्य के विपरीत 250 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया हैं।

अध्याय – 4

अन्य कार्यक्रम

1. **आश्रम छात्रावासों का संचालन** :–

जनजाति छात्र–छात्राएं उनके निवास स्थान के नजदिक वांछित स्तर का विद्यालय नहीं होने की स्थिति में उनके परिवारों की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण दूर–दराज के विद्यालयों में अध्ययन जारी नहीं रख पाते हैं। अतः ऐसे छात्र–छात्रा अध्ययन जारी रख सके इस उद्धेश्य से विभाग द्वारा आश्रम छात्रावास संचालित किए जा रहे है। इन छात्रावासों में 1000/– रूपये प्रतिमाह प्रतिछात्र–छात्रा की दर से (अधिकतम 10 माह तक) निःशुल्क आवास, भोजन, पोशाक एवं अन्य सुविधाऐं उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.सं.	मद का नाम	राशि प्रतिमाह	राशि प्रति वर्ष (10 माह)
1प	भोजन, नाश्ता, विशेष भोजन, ईधंन इत्यादि	750/–	7500/–
2प	स्कूल यूनीफोर्म मय सिलाई, जूते, मौजे, तौलिया, जर्सी इत्यादि	125/–	1250/–
3प	बालों में लगाने का तैल,नहाने एवं कपडे धोने का साबुन, बाल कटिंग इत्यादि	30/–	300/–
4प	चद्दर, तकिया खोली एवं खेस धुलाई	25/–	250/–
5प	बिजली, पानी	60/–	600/–
6प	समाचार पत्र– पत्रिकाऐं	10/–	100/–
कुल योग		**1000/–**	**10000/–**

आश्रम छात्रावास प्रवेश प्रकिया :–

आश्रम छात्रावासो में जनजाति छात्र–छात्राओं को निम्नानुसार प्रवेश दिया जाता है :–

1. उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्रावासों में उन्हीं छात्रों को प्रवेश दिया जाता हैं जिनके निवास स्थान से पांच किमी की दूरी में इस स्तर का विद्यालय नहीं है जिस कक्षा में वह प्रवेश लेना चाहता है।
2. उच्च प्राथमिक स्तर के आश्रम छात्रावास में उसी छात्र को प्रवेश दिया जाता है जिसके निवास स्थान से तीन किलोमीटर की दूरी में उस स्तर का विद्यालय नहीं है जिस कक्षा में वह प्रवेश लेना चाहता है ।
3. प्राथमिक स्तर के आश्रम छात्रावास में उसी छात्र को प्रवेश दिया जावेगा जिसके निवास स्थान से डेढ किमी की दूरी में उस स्तर का विद्यालय नहीं है जिस कक्षा में वह प्रवेश लेना चाहता है।
4. आश्रम छात्रावासों में उन्हीं छात्रों को प्रवेश मिल सकता हैंजिनके माता–पिता/अभिभावक निम्न तीन शर्ते पूरी करते होः
   अ. आयकर दाता नहीं हो ।
   ब. 400 वर्ग गज से अधिक शहरी भूमि अथवा मकान की मिलकियत नहीं हो।
   स. 15 बीघा से अधिक खेती योग्य भूमि न हो ।
5. **प्रवेश नियम** :–
   1. सभी स्तरो के आश्रम छात्रावासो में प्रवेश उसी जिले के जनजाति छात्रों तक ही सीमित रहेगा ।
   2. छात्रावास में प्रवेश उसके लिए स्वीकृत क्षमता के अनुसार क्रमशः बडी कक्षा से छोटी कक्षा तक दिया जाय यथा पहले 12,11,10, 9 इसी क्रम में रिक्त स्थान होने तक प्रवेश दिया जाय ।
   3 छात्रावास में स्थान रिक्त रहने पर तीसरी कक्षा से नीचे की कक्षा में अध्ययनरत छात्रो को भी प्रवेश दिया जावेगा ।
   4 छात्रावास में प्रवेश मेरिट के आधार पर वरीयता क्रम से दिया जावेगा ।
6. यदि किसी कक्षा के लिये निर्धारित स्थान खाली रहते है तो वे स्थान उपलब्ध उच्चतम कक्षा के छात्रों से भरे जायेगे, पूरक परीक्षाओ के छात्रों को ग्रीष्मावकाश में छात्रावास में प्रवेश दिया जाकर आवास सुविधा दी जा सकती है, परन्तु राशन व्यवस्था आदि छात्र स्वयं का अपने खर्च पर करेगा ।
7. यदि कोई छात्र सत्र के बीच में छात्रावास छोड़कर जाता है तो छात्र को पुनः प्रवेश देने का अधिकार आयुक्त को होगा ।
8. प्रत्येक छात्र द्वारा मेस समिति के खाते में 30 रूपये काशनमनी जमा कराने के पश्चात ही छात्रावास में प्रवेश दिया जायेगा ।
9. सत्र आरंभ होने के एक माह पश्चात अथवा प्रवेश सलाहकार समिति की सिफारिश के अतिरिक्त किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाता है, जब तक कि ऐसे मामलो में आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर, से पूर्व स्वीकृति प्राप्त न हो जाती हैं ।

10. आश्रम छात्रावासों में एक बार प्रवेश पाने के बाद प्रवेशित कक्षा में उत्तीण होने पर अगली कक्षा में स्वतः ही प्रवेश का पात्र होता है।

11. आश्रम छात्रावासों में प्रवेशित छात्र–छात्रा अनुत्तीण होते हैं तो उन्हे पुनः प्रवेश नहीं दिया जाता हैं ।

आश्रम छात्रावासों का जिलेवार विवरण (अनुसूचित क्षेत्र)

जिला	क्षमतानुसार छात्रावासों की संख्या											वर्ग		योग
	25	40	45	50	70	75	80	95	100	120	130	बालक	बालिका	
बॉसवाड़ा	0	–	0	21	–	–	0	–	12	–	0	25	8	33
डूॅगरपुर	1	–	–	23	–	2	–	–	11	–	1	31	7	38
उदयपुर	2	9	–	32	1	–	3	1	8	–	–	36	20	56
प्रतापगढ़	–	–	–	22	1	–	5	–	5	–	1	21	13	34
आबूरोड़	1	–	–	3	–	–	1	–	1	1	3	8	2	10
योग	**4**	**9**	**0**	**101**	**2**	**2**	**9**	**1**	**37**	**1**	**5**	**121**	**50**	**171**

योजनान्तर्गत वर्ष 2009–10 में 11085 छात्र/ छात्राओं को लाभान्वित करने का प्रावधान रखा गया हैं जिसके विरूद्ध 10882 छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जा रहा हैं । अनुसूचित क्षेत्र के आश्रम छात्रावासों प्रवेश क्षमता एवं प्रवेशित छात्र–छात्राओ की संख्या का छात्रावासवार विवरण परिशिष्ठ **13** पर उपलब्ध हैं।

2– जनजाति प्रतिभावान छात्र/छात्राओं के लिए प्रतिभावान छात्रावास :

अनुसूचित क्षेत्र में संचालित आश्रम छात्रावासों में 5 प्रतिभावान छात्रावास भी सम्मिलित हैं जिनमें प्रतिभाशाली जनजाति छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिया जाता हैं । इनमें उदयपुर में 2, डूंगरपुर, बांसवाडा एवं प्रतापगढ में 1–1 चल रहे हैं । इन छात्रावासों में प्रवेश अनुसूचित क्षेत्र की सभी 23 पंचायत समिति के विधालयों से कक्षा आठवीं बोर्ड में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को वरियता क्रम में मेरिट से प्रवेश दिया जाता हैं । आवासीय छात्र–छात्राओं को निःशुल्क भोजन, पुस्तकें, पौशाक विशेष कोचिंग आदि सुविधा मुहैया कराई जाती है।

3– आवासीय विधालय संचालन योजना :–

अनुसूचित क्षेत्र, माडा क्षेत्र तथा सहरिया क्षेत्र में बालक/ बालिकाओं में शिक्षा के उन्नयन हेतु भारत सरकार द्वारा आवासीय विधालयों का निमार्ण कराया गया हैं। आवासीय विधालयों में स्वीकृत शैक्षिक/अशैक्षिक पदो पर शिक्षा विभाग से कर्मचारियों /अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन लिये जाकर अध्ययन व्यवस्था संचालित की जा रही हैं । इन आवासीय विद्यालयों में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर का पैटर्न संचालित किया जा रहा हैं ।

आवासीय विधालयों में जनजाति छात्रों के प्रवेश हेतु दिशा निर्देश :–

1. आवासीय विधालयों में केवल उन्ही जनजाति छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिया जाता हैं जिनके माता पिता राजस्थान राज्य के मूल निवासी हों तथा आयकरदाता नहीं हो।
2. प्रवेश उन्हीं जनजाति छात्र/छात्राओं को दिया जाता हैं जिन्होंने प्रवेश चाही गई कक्षा से पूर्व कक्षा की परीक्षा किसी सरकारी विधालय अथवा मान्यता प्राप्त विधालय से उत्तीर्ण की हों।
3. आवासीय विद्यालय में विभिन्न क्षेत्र के जनजाति वर्ग के छात्र–छात्राओं हेतु प्रवेश के लिए अलग–अलग प्रावधान किया हुआ हैं ।

प्रवेश प्रकिया :–

1. प्रत्येक शैक्षिक वर्ष के प्रारम्भ से दो माह पूर्व प्रत्येक कक्षा में छात्रों की रिक्तियों का आंकलन किया जाता हैं ।
2. प्रतिवर्ष माह मई एवं जून में संबंधित परियोजना/उप परियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कर इन आवासीय विधालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की सूचना दी जाती हैं तथा इसकी प्रति संबंधित आवासीय विधालयों एवं उनके अधीन सभी विधालयों को प्रचार–प्रसार हेतु भेजी जाती हैं।
3. आवासीय विधालयों में प्रवेश के लिए प्रकाशित विज्ञप्ति में आवेदन पत्र का प्रारूप भी प्रकाशित कराया जाता हैं जिसे भरकर अथवा टंकित करवाकर छात्र–छात्रा द्वारा सीधे ही संबंधित परियोजना/उप परियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग अथवा आवासीय विधालय के प्रधानाचार्य को भेजते हैं ।
4. फार्म में निम्न प्रमाण पत्र की प्रतियां संलग्न की जानी आवश्यक होती हैं ।
   1. मूल निवास प्रमाण पत्र (स्थायी जिला जिसके मूल निवासी है)
   2. माता पिता/अभिभावक का वार्षिक आय–प्रमाण पत्र
   3. अनुसूचित जनजाति होने का जाति प्रमाण–पत्र
   4. गत परीक्षा की अंक तालिका की प्रति
5. प्रवेश फार्म सम्बन्धित आवासीय विधालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को जमा कराकर उनसे प्राप्ती रसीद लेना आवश्यक हैं।

6. आवासीय विधालयों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु पांचवी कक्षा में प्राप्तांको की मेरिट तैयार कर उसके आधार पर प्रवेश दिया जाता हैं। मेरिट में 10 प्रतिशत संख्या प्रतीक्षा सूची के रूप में रखी जाती हैं।

7. कक्षा 7 से 12 तक में स्थान रिक्त रहने पर छात्रों से आवेदन प्राप्त किये जाते हैं एवं उन्हे पूर्व उर्त्तीण कक्षा की अंक तालिका के अनुसार मेरिट लिस्ट तैयार की जाकर उसके आधार पर प्रवेश दिया जाता हैं। इसमें भी प्रतीक्षा सूची के लिए मेरिट में 10 प्रतिशत संख्या बढ़ाकर रखी जाती हैं।

8. आवासीय विधालयों में प्रवेश हेतु प्रवेश समिति गठित की हुई है जिसमें संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, अनुसूचित क्षेत्र में परियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग एवं गैर अनुसूचित क्षेत्र में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण या उनका प्रतिनिधि सदस्य होता हैं। आवासीय विधालय का प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य सदस्य/सचिव होते हैं ।

9. प्रत्येक कक्षा में प्रवेशित क्षमता 50–50 छात्र–छात्राओं की निर्धारित हैं । इससे अधिक प्रवेश नहीं दिया जाता हैं ।

10. सत्र प्रारम्भ होने के एक माह के भीतर यदि रिक्तिया रहती हैं तो प्रतीक्षा सूची में से प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा प्रवेश दिया जाता हैं, परन्तु इसके पश्चात भी स्थान रिक्त रहता हैं तो एक माह बाद भी प्रवेश समिति की सिफारिश (योग्यता के आधार पर) पर किसी भी आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिया जा सकता हैं ।

11. आवासीय विधालयों में अनुतीर्ण रहे छात्रों को अगले वर्ष पुनः प्रवेश नहीं दिया जाता हैं।

12. पूर्व प्रवेशित विधार्थी किसी कक्षा में उत्तीर्ण होने पर अगली कक्षा में स्वतः प्रवेश हेतु पात्र होता हैं तथा स्थान रिक्त होने पर ही रिक्त सीट के लिए मेरिट का नियम लागू होता हैं।

13. एक छात्र एक ही आवासीय विधालय के लिए आवेदन कर सकता हैं ।

14. आवासीय विधालय के छात्र–छात्राओं को भोजन, आवास, शिक्षा एवं अन्य देय सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पैटर्न अनुसार ही उपलब्ध करवाई जावेगी।

15. आवासीय विधालय में प्रवेश हेतु राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत प्रवेश नीति अनसार अनुसूचित क्षेत्र/गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं सहरिया क्षेत्र के छात्र–छात्राओं हेतु स्थान आरक्षित हैं एवं उसी अनुसार ही प्रवेश दिया जाता हैं

वर्तमान में राज्य में कुल 12 आवासीय विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं जिसमें अनुसूचित क्षेत्र में 7 आवासीय विधालय (कोटड़ा, सलुम्बर एवं खैरवाड़ा (उदयपुर), सीमलवाड़ा (डूॅगरपुर), कुशलगढ़ (बॉसवाड़ा), प्रतापगढ़ (चितौड़गढ़) एवं आबूरोड़ (सिरोही), गैर अनुसूचित क्षेत्र (माडा) में 3 आवासीय विधालय (निवाई जिला टोंक, झालरापाटन जिला झालावाड़ एवं महुवां जिला दौसा) एवं सहरिया क्षेत्र में 2 आवासीय विद्यालय (शााहाबाद एवं किशनगंज जिला बारां) में संचालित किये जा रहे हैं । प्रत्येक आवासीय विद्यालय एवं कक्षाओं में अधिकतम छात्र–छात्रा की क्षमता निर्धारित हैं । इन आवासीय विधालयों में शिक्षा, आवास एवं भोजन की सुविधाए निःशुल्क प्रदान की जाती हैं, जिसका निर्धारित पैटर्न निम्नानुसार है :–

आवासीय विधालय में निःशुल्क प्रदान की जा रही सुविधाओं हेतु प्रति छात्र–छात्रा का पैटर्न :–

क्र.सं.	विवरण	राशि प्रतिमाह	राशि प्रति वर्ष (10 माह हेतु)
1	भोजन व्यय	750.00	7500.00
2	स्टेशनरी एवं पाठयपुस्तकें	40.00	400.00
3	बाल कटिंग	10.00	100.00
4	बनियान, अण्डरवियर एवं अन्त वस्त्र आदि (दो जोडी)	13.00	130.00
5	केनवास शूज + 2 जोडी मोजे	18.00	180.00
6	हवाई चप्पल एक जोडी	3.00	30.00
7	टावेल	4.00	40.00
8	बाल हेतु तेल	4.00	40.00
9	पेन्ट–शर्ट दो जोडी (छात्र)एवं सलवार–कुर्ता–चुनी (छात्रा)	120.00	1200.00
10	स्वेटर (दो वर्ष में एक बार)	15.00	150.00
11	नहाने व कपडे धोने का साबुन	15.00	150.00
12	दंत मंजन व ब्रश	6.00	60.00
13	केनवास शूज पोलिस	2.00	20.00
	योग :	1000.00	10000.00

अनुसूचित क्षेत्र में संचालित आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2009–10 में कुल 2450 छात्र/ छात्राओं की क्षमता के विरूद्व 1732 छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जाकर आवासीय विद्यालय की समस्त सुविधाए निर्धारित पैटर्न के अनुसार उपलब्ध कराई जा रही हैं । आवासीय विधालयवार छात्र–छात्रा क्षमता एवं प्रवेशित संख्या का विवरण **परिशिष्ठ 16** पर उपलब्ध है।

5– आश्रम छात्रावासों में विशेष कोचिंग योजना :–

(अ) आश्रम छात्रावासों के कक्षा 10 व 12 के छात्र/ छात्राओं को आश्रम छात्रावास में ही विषय विशेषज्ञ के मार्फत 6 माह तक कठिन विषयों की कोचिंग कराई जाती हैं, ताकि छात्र/ छात्राऐं कठिन विषयों की अच्छी तैयारी कर अच्छे अंको से उत्तीर्ण हो सकें । कक्षा 10 में अंग्रेजी, विज्ञान एवं गणित तथा कक्षा 12 में कला वर्ग में अनिवार्य अंग्रेजी व ऐच्छिक अंग्रेजी वाणिज्य वर्ग में अनिवार्य अंग्रेजी तथा तीनों ऐच्छिक विषय तथा विज्ञान वर्ग में अनिवार्य अंग्रेजी तथा चारों ऐच्छिक विषयों की कोचिंग कराई जाती हैं । विशेष कोचिंग योजनान्तर्गत प्रति विषय प्रतिमाह 2500/– रूपये की दर से 6 माह तक मानदेय भुगतान किया जाता हैं।

(ब) आश्रम छात्रावासों के कक्षा 8वीं के छात्र/ छात्राओं को आश्रम छात्रावास में ही विषय विशेषज्ञ के माध्यम से 6 माह तक कठिन विषयों यथा अंग्रेजी एवं गणित विषयों की कोचिंग कराई जाती हैं, ताकि छात्र/ छात्राऐं कठिन विषयों की अच्छी तैयारी कर अच्छे अंको से उत्तीर्ण हो सकें । इसके लिए प्रति विषय प्रतिमाह 2500/– रूपये की दर से 6 माह तक मानदेय के रूप में भुगतान किया जाता हैं।

6– छात्रगृह किराया योजना (केवल राजकीय माहविद्यालय/विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं हेतु):–

अनुसूचित क्षेत्र में वर्ष 1986–87 से यह योजना प्रारंभ की गई । इस योजनान्तर्गत जनजाति के ऐसे छात्र–छात्राऐं जो राजकीय महाविद्यालय/विश्वविद्यालय की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में पढते है, उनमें से जिन छात्र/छात्राओं को छात्रावास में स्थानाभाव के कारण आवासीय सुविधा नहीं मिल पाती है और वे किराये के मकान मे रहकर नियमित अध्ययन करते है, उनको इस योजनान्तर्गत आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। प्रति छात्र–छात्रा को 150 रूपये प्रतिमाह की दर से अधिकतम 10 माह के हिसाब से मकान किराये का पुनर्भरण किया जाता है, इसमें एक छात्र या दो छात्रों के एक ग्रुप को भी यह सुविधा दी जाती हैं।

मकान किराये का पुनर्भरण परियोजना/उपपरियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा मकान मालिक को त्रैमासिक रूप से किया जाता है । पुनर्भरण किराये की रसीद जिस पर शिक्षक संस्था का प्रधान यह प्रमाणित करता है कि उक्त छात्र/छात्रा मेरे राजकीय संस्थान में नियमित रूप से अध्ययन कर रहे है और ये उक्त मकान में किराये पर रहते हैं । इसके बाद ही उनके मकान मालिक को किराये का भुगतान किया जाता हैं। जिन छात्र/छात्राओं के माता–पिता आयकरदाता है, उन्हें यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

7– बोर्ड एवं विश्वविद्यालय में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण जनजाति प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को छात्रवृतिः–

अनुसूचित क्षेत्र में वर्ष 1993–94 से यह योजना प्रारंभ की गई । जनजाति के ऐसे प्रतिभावान छात्र/छात्राऐं जिन्होंने **राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली** द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है तथा विश्वविद्यालय में इसी प्रकार के स्नातक एवं स्नातकोत्तर में भी प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को भी महाविद्यालयों के प्राचार्य से सूची प्राप्त होने पर छात्रवृति दी जाएगी । (250/– रूपया प्रतिमाह की दर से 10 माह तक)

इस योजनान्तर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि निम्न प्रकार से देय होगी :–

1– दसवीं बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रा को 11 वीं एवं 12 वीं कक्षा में अध्ययन के दौरान राशि देय होगी। ऐसे छात्र–छात्रा को12वीं कक्षा में छात्रवृति 11 वीं कक्षा में कम से कम 48 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर ही देय होती हैं।

2– बारहवी की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले छात्र–छात्रा को ग्रेज्युएशन के दौरान तीनों वर्ष प्रोत्साहन राशि देय होगी। बशर्ते छात्र–छात्रा ने प्रथम वर्ष की परीक्षा में कम से कम 48 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो तब ही द्वितीय वर्ष में प्रोत्साहन राशि देय होगी, इसी प्रकार द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कम से कम 48 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो तब ही तृतीय वर्ष में राशि देय होगी ।

3– स्नातकोतर कक्षाओं में अध्ययन के दौरान भी उक्तानुसार शर्ते लागू रहेगी ।

8– जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता योजना :–

अनुसचित क्षेत्र की जनजाति महिलाओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्धेश्य से वर्ष 1994–95 में यह योजना प्रारम्भ की गई। योजना का लाभ उन छात्राओं को प्राप्त होगा जो अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी हो

और महाविद्यालय (सामान्य शिक्षा) में अध्ययनरत हो। योजनानुसार प्रत्येक अध्ययनरत छात्रा को 350/– रूपये प्रतिमाह की दर से 10 माह तक (3500/–वार्षिक) आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं । इस योजना में उन्हीं छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जाती है जिन्होनें महाविधालय में पिछली परीक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेश लिया हो तथा विभाग द्वारा संचालित बोर्ड संचालित प्रतिभावान जनजाति छात्रवृति योजना का लाभ नहीं लिया हो। साथ ही आर्थिक सहायता केवल उन्हीं छात्राओं को देय होगी, जिनके माता–पिता आयकर दाता नहीं हैं।

9– जनजाति के कक्षा 6 से 12 तक चयनित छात्र/ छात्राओं को प्रतिष्ठित विद्यालयों/संस्थाओं के माध्यम से अध्ययन योजना :–

सामान्यतया जनजाति छात्र–छात्राऐं आर्थिक दृष्टि से कमजोर होने के कारण प्रतिष्ठित एवं अच्छी शिक्षा देने वाले निजी शैक्षिक विद्यालयों/ संस्थाओं में अध्ययन नहीं कर पाते हैं । इसलिए राज्य की कतिपय श्रेष्ठ शैक्षिक संस्थाओं में जनजाति छात्रो को सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ अध्ययन कराने एवं इन्हें गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिलवाने के उद्धेश्य से यह योजना वर्ष 2001–2002 में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर के माध्यम से उनके अनुमोदित पेटर्न अनुसार प्रारम्भ किये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया।

योजनान्तर्गत शिक्षा विभाग द्वारा 38 निजी प्रतिष्ठित विधालयों/संस्थाओं का चयन किया गया । इसमें 28 छात्र एवं 10 छात्राओं के विधालय/ संस्थाऐं हैं। संस्था प्रधान के आवश्यक प्रमाण–पत्र के अनुसार उक्त योजना के अन्तर्गत ट्यूशन फीस, आवास, भोजन, पुस्तके स्टेशनरी एवं पौशाक आदि हेतु राशि स्वीकृत की जाती हैं जो राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती हैं ।

10. जनजाति छात्राओं (छात्रावासों में प्रवेश से वंचित रही) को शिक्षा विभाग द्वारा साईकिले वितरण में छात्राओं की हिस्सा राशि का पुनर्भरण :–

कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्राओं को शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड की पात्रता रखने वाली छात्राओं को 300/– रू. की हिस्सा राशि लेकर साईकिले उपलब्ध कराई जाती हैं । अनुसूचित क्षेत्र एवं सहरिया क्षेत्र में कक्षा 10 में अध्ययनरत जनजाति /सहरिया छात्राये जो छात्रावासो में स्थानाभाव के कारण आवासीय सुविधाओं से वंचित रह जाती है, की हिस्सा राशि 300/– रू. विभाग द्वारा वहन की जाती हैं । यह राशि सीधे की शिक्षा विभाग को उनकी मांग अनुसार हस्तान्तरित की जाती हैं। इस प्रकार छात्राओं को साईकिले निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं ।इस योजना से जनजाति की छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन मिलता हैं एवं इससे उनमें शिक्षा के प्रति ओर जागरूकता बढ़ती हैं ।

इस योजना का लाभ उन छात्राओं को मिलेगा जो अनुसूचित क्षेत्र एवं सहरिया क्षेत्र में निवासित हैं एवं इन्ही क्षेत्र की स्कूलो में अध्ययनरत है । पाठशाला से घर की दूरी अधिक होने से उन्हें अध्ययन स्थल पर समय पर आने–जाने में सुविधा रहती हैं ।

11. <u>खेल छात्रावासों का संचालन</u> :–

अनुसूचित क्षेत्र में जनजाति छात्रों को खेल–कूद हेतु प्रोत्साहित करने तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिर्स्पधाओं के लिए तैयार करने के उद्धेश्य से राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर के खेल छात्रावास पैटर्न पर तीन खेल छात्रावास यथा जिला स्तरीय खेल छात्रावास लौधा (बांसवाड़ा) 100 छात्र क्षमता एवं खेरवाड़ा (उदयपुर) 50 छात्र क्षमता तथा संभाग स्तरीय खेल छात्रावास सरदारपुरा (उदयपुर) में 50 छात्र क्षमता के संचालित किये जा रहे हैं । इन खेल छात्रावासों में दक्ष विशेषज्ञों द्वारा तीरन्दाजी एवं ऐथेलेटिकस का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।

खेल छात्रावास में सम्पूर्ण राज्य के जनजाति बालको को प्रवेश दिया जाता हैं। एकलव्य खेल छात्रावास में कक्षा 6 से 12 वीं तक के खिलाड़ी बालकों को प्रवेश दिया जाता हैं तथा प्रवेश के लिए छात्रों की आयु सीमा का कोई प्रतिबन्ध नहीं हैं।

छात्रावास में छात्रों का चयन विशिष्ट प्रकार के बेट्री टेस्ट और कौशल परीक्षणों के आधार पर किया जाता हैं। प्रवेशित छात्रों को अनुमोदित पैटर्न अनुसार भोजन, आवास आदि की सुविधायें निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इसके साथ ही बालकों को निकटतम विद्यालयों में नियमित अध्ययन की सुविधायें प्रदान की जाती हैं।

14. आश्रम छात्रावासों के आवासीय छात्र–छात्राओं की <u>शैक्षणिक भ्रमण योजना</u> :–

जनजाति छात्र/छात्राओं को शहरी, वैज्ञानिक, पर्यावरणीय व आधुनिक ज्ञान उपलब्ध कराने की दृष्टि से आश्रम छात्रावास के छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराये जाने के उदृेश्य से यह योजना संचालित की जा रही

है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कम से कम राजस्थान के शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक महत्वों के स्थलों पर छात्र/छात्राओं को भ्रमण कराते हुए जनजाति छात्र–छात्राओं की जिज्ञासा पूरी करने का प्रयास किया जाता हैं। इसका मूल उद्वेश्य जनजाति के छात्र/छात्राओं को स्मारको के बारे में ज्ञान प्राप्त कराना, ताकि वे राष्ट्रीय विकास की धारा से रू–बरू होकर ज्ञान में सुधार ला सकें और वे जागरूक तथा जिम्मेदार नागरिक बन सके। भ्रमण से उन्हें भौगोलिक परिस्थितियों का ज्ञान प्राप्त हो सकेगा। यह भ्रमण कार्यक्रम सात दिवसीय होता हैं जिसमें भोजन–नाश्ता के अतिरिक्त छात्र–छात्राओं को दर्शनीय स्थानों का टिकट एवं ठहरने की व्यवस्था, स्टेशनरी, बसों के किराये का प्रावधान किया गया हैं ।

15. <u>बेणेश्वर धाम पर जनजाति छात्र/छात्राओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन</u> :–

अनुसूचित क्षेत्र में जनजाति समुदाय के लिए डूॅंगरपुर जिले की पंचायत समिति, आसपुर में ग्राम साबला वेणेश्वर धाम में मेले का प्रतिवर्ष आयोजन होता है। जिसमें अनुसूचित क्षेत्र के सभी जिलो से जनजाति के छात्र/छात्राये अपने अभिभावको के साथ मेले में आते है। साथ ही त्रिवेणी संगम पर अपने पूर्वजो को श्रंद्वाजली अर्पित करते है। इसके साथ ही अपने परम्परागत खेल के रूप में अपने साथ धनुष तीर भी लेकर आते है। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर, जिला प्रशासन डूॅंगरपुर एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में मेला स्थल पर पारम्पिरिक खेलो का आयोजन मेला धाम पर किया जाता है। प्रतियोगिता 3 दिन आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता मुख्यतः एथेलेटिक्स, तीरंदाजी खेल में 14 वर्ष से कम बालक एवं बालिका वर्ग, 14 वर्ष से उपर पुरूष व महिला वर्ग, रस्सा कस्सी पुरूष व महिला वर्ग, गिडा डौट व सतौलिया पुरूष वर्ग में एवं मटका दौड़ केवल महिला वर्ग में आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाता है एवं विभाग द्वारा संचालित खेल छात्रावासों में प्रवश देकर उन्हें पारम्पिरिक खेलो में दक्ष प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण देकर प्रोत्साहन किये जाने के उद्वेश्य से यह योजना वर्ष 2007–08 में प्रस्तावित की जा रही है।

आयोजित प्रत्येक खेल व इवेन्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष, महिला प्रतियोगी को क्रमशः 501, 401, 301, 201 रूपये नकद राशि पारितोषिक स्वरूप प्रदान की जायेगी। रस्सा कस्सी में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष व महिला दल को 2501 व 1501 रूपये पारितोषिक स्वरूप दी जायेगी। गिडा डोट में 9–9 खिलाड़ी व सतोलिया में 7–7 खिलाड़ी तथा रस्सा कस्सी में 9–9 खिलाड़ी भाग लेगें।तीरंदाजी में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को अपने अपने तीर कमान साथ लाना अनिवार्य है। गिडाडोट व सतोलिया के प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले को क्रमशः 1001 व 701 रूपये पारितोषिक दिया जाता है।

<u>निःशुल्क स्कूटी वितरण योजना</u> :–

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोंर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में अनुसूचित क्षेत्र की जो जनजाति छात्राऐं राजकीय विद्यालयों में अध्ययन करते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 65 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करती है, को विभाग द्वारा निःशुल्क स्कूटी वितरण की जाती है।

<u>कॉलेज एवं वि ववविद्यालय में अध्यनरत छात्र/छात्राओं को आधुनिक धनुश एवं तीर उपलब्ध करवाने एवं प्रि ाक्षण दिये जाने बावत।</u>

वर्तमान में जनजाति उपयोजना क्षेत्र मे तीन बालक खेल छात्रावास संचालित है। जिसमें अध्ययनरत प्रतिभावान छात्रों को कक्षा 12 वी तक खेल वि ोशज्ञ प्रि ाक्षको द्वारा इन्हे आधुनिक धनुश चलाने का वि ाश्ट प्रि ाक्षण दिया जाकर इनमें छिपी प्रतिभा में निखार लाया जाता है। कक्षा 12 वीं के प चात् छात्र कॉलेज में आ जाते है और विभाग द्वारा इन्हें खेल के उपकरण एवं प्रि ाक्षण दिया जाना का कोई प्रावधान अनुमोदिन होकर स्वीकृत नहीं है। जिस कारण आगे चलकर इनकी प्रतिभा में और निखार आने से वंचित रह जाते है इस बात को मध्य नजर रखते हुए जनजाती उपयोजना क्षेत्र के मूल निवासी छात्र/ छात्राऐं जो कॉजेल एवं वि ववविद्यालय में अध्यनरत है एवं राज्य एवं राश्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया हुआ है या उत्कृश्ठ खिलाडी रहे हो उन्हें इस योजनान्तर्गत लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है।

